माघ माह , कृष्ण पक्ष 21 वर्ष, अंक 29 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज सोमवार 21 फरवरी 2022 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट



भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने उरई में परिवार के साथ वोट डाला।



पंजाब कांग्रेस प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू व उनकी पत्नी ने भी मताधिकार का प्रयोग किया।



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव अपनी पत्नी डिंपल यादव के साथ वोट डालने के लिए इटावा के सैफई मतदान केंद्र पर वोट डाला।



पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह और उनके परिवार ने भी डाला वोट।

# ईवीएम में कैद प्रत्याशियों का भाग्य

## यूपीः तीसरे चरण में पांच बजे तक 57.58 प्रतिशत पड़े वोट, थर्ड फेज में यादव बाहुल्य 23 सीटों पर बंपर वोटिंग

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में 18वीं विधानसभा के गठन के लिए तीसरे चरण का मतदान रविवार को सात बजे से प्रारंभ हुआ। मॉक पोलिंग से केन्द्रों पर पोलिंग पार्टियों ने ईवीएम को परखा इसके बाद सभी जगह पर मतदाताओं को प्रवेश दिया गया। मतदान में पहले घंटे में कई जगह पर ईवीएम में हल्की खराबी के बीच में लोगों ने मतदान किया। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में तीसरे चरण के मतदान में शाम ढलने के समय तक मतदाता बूथ पर डटे थे। शाम पांच बजे तक 16 जिलों की 59 विधानसभा क्षेत्र में 57.58 प्रतिशत मतदान हो गया था। विधानसभा चुनाव 2017 में इस दौरान 62 प्रतिशत मतदान हुआ था। जबकि यादव बेल्ट की 23 सीटों में वोटिंग का प्रतिशत ओवरऑल से 3% ज्यादा है। यानी औसतन करीब 60% मतदान हुआ। अखिलेश की सीट करहल और शिवपाल की जसंवतनगर सीट पर 60% से ज्यादा वोट पड़े। इन 59 सीटों में से 23 सीटें ऐसी हैं जिसमें 30 से 50% तक यादव वोटर हैं। इनमें इटावा, फिरोजाबाद और मैनपुरी के आसपास के जिलों की विधानसभाएं हैं। वहीं, 59 सीटों में 13 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं।

**2017 में इन 59 सीटों में से भाजपा को 49 सीटें मिलीं:** 2017 के चुनाव में भाजपा ने तीसरे चरण की 59 सीटों में से कुल 49 सीटें जीती थीं। जबकि सपा को सिर्फ 8 सीटों से संतोष करना पड़ा था। कांग्रेस को एक सीट मिली थी, जबकि बहुजन समाज पार्टी को भी एक सीट मिली थी।

## चुनाव आयोग ने सीज की सोनू सूद की गाड़ी

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**

पंजाब में रविवार को विधानसभा के लिए मतदान हुआ। मोगा में चुनाव आयोग ने फिल्म अभिनेता सोनू सूद की गाड़ी जब्त कर ली। मोगा के पीआरओ प्रभदीप सिंह ने कहा कि सोनू सूद एक पोलिंग बूथ में घुसने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान उनकी कार को जब्त कर घर भेज दिया गया। उनके घर से बाहर निकलने पर कार्रवाई होगी। सोनू सूद की बहन मालविका सूद मोगा से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। वहीं सोनू सूद ने कहा कि हमें विभिन्न बूथों पर विपक्ष, खासकर अकाली दल के लोगों द्वारा धमकी भरे कॉल के बारे में पता चला। कुछ बूथों पर पैसे बांटे जा रहे हैं। यह हमारा कर्तव्य है कि हम जांच करें और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करें। इसलिए हम बाहर गए थे। अब, हम घर पर हैं। निष्पक्ष चुनाव हों।

**भदौड़ से आप उम्मीदवार का आरोप, कांग्रेस ने हमला करवायाः** वहीं बरनाला के हलका भदौड़ में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार लाभ सिंह उगोके ने कहा कि उनकी गाड़ी पर कांग्रेस के वर्करों ने साजिशन हमला कर दिया। पहले तो उन्हें लगा कि भाजपा नेताओं ने हमला किया है, बाद में पता चला कि अपने साथ 20-25 नौजवानों को साथ लेकर हमला करने वाला नौजवान कांग्रेसी नेता राजविंदर सिंगला का बेटा था।

उगोके ने कहा कि गाड़ी सेंटर लॉक होने के कारण उनकी जान बच गई। उगोके ने आरोप



लगाया कि कांग्रेसी नेता अपनी कुर्सी जाती देखकर उन पर हमले करवा रहे हैं, लेकिन हलके के लोग उनको करारा जवाब देंगे। अब हमला करने वाला यह बोल रहा है कि आप के वर्करों ने उसके कपडे.फाड़ दिए, वह झूठ बोल रहा है।

## मोहाली में गरमाया माहौल

**मोहाली** के फेज 4 में सुबह उस समय माहौल गरमा गया जब मतदाताओं के घर फ्रिज आदि पहुंचने लगे। कांग्रेस प्रत्याशी बलवीर सिंह मौके पर पहुंचे। लोगों ने पुलिस को भी बुला लिया। उनका आरोप था कि फ्रिज आप के उम्मीदवार कुलवंत सिंह द्वारा बांटे जा रहे हैं। पुलिस ने सामान कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

**भाजपा उम्मीदवार के बेटे पर चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्जः** भाजपा उम्मीदवार और पूर्व कैबिनेट मंत्री राणा गुरमीत सोढी के बेटे रघुमित सोढी फिरोजपुर के सीमावर्ती इलाकों में देर रात कुछ अन्य लोगों के साथ प्रचार कर रहे थे। उनके खिलाफ चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है।




## पंजाबः 63.44% हुआ मतदान, 5 जिलों में 60% भी नहीं छू सका पोलिंग

**चंडीगढ़ः** पंजाब में 117 विधानसभा सीटों पर मतदान पूरा हो गया है। शाम 5 बजे तक 63.44% मतदान हुआ है। राज्य के 5 जिले ऐसे रहे हैं, जहां वोटर्स ने मतदान में ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई। इनमें मतदान 60% का आंकड़ा भी नहीं छू सका। हालांकि राज्य में 5 जिले ऐसे भी रहे, जिनमें मतदान 70% के भी पार पहुंच गया। इनमें सबसे ज्यादा 73.45% मतदान मानसा में हुआ है, जबकि मोहाली (साहिबाजादा अजीत सिंह नगर) में राज्य में सबसे कम 53.10% मतदान दर्ज किया गया है। उधर, नवजोत सिद्धू और बिक्रम सिंह मजीठिया जैसे दिग्गजों के बीच कड़ी फाइट वाली अमृतसर ईस्ट सीट पर वोटर शुरूआत में दोनों में से किसी को वोट देने के मूड में दिखाई नहीं दिया। यहां सुबह 9 बजे तक महज महज 1.10% और 11 बजे तक 7.10% मतदान ही हुआ था। इसके बाद 1 बजे तक थोड़े मतदाता बढ़े और पोल परसंटेज बढ़कर 18.60% हो गया। सियासी पंडितों मान रहे थे कि वोटर दोनों में से किसी को भी नाराज नहीं करना चाहता है। इसी कारण उसने वोट डालने के बजाए घर पर बैठना ज्यादा सही माना है। इस सीट पर पहले 5 घंटे में महज 18% के पोलिंग के बाद अगले 4 घंटे में अचानक मतदान तेज हुआ और 35% वोट बढ़ गए। दोपहर 3 बजे तक मतदान बढ़कर 33.70% पहुंचा और फिर अगले दो घंटे यानी शाम 5 बजे तक 53% वोट दर्ज हो गए हैं।

# 'तुष्टीकरण के लिए त्योहारों को रोकते थे विरोधी'

**हरदोईः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को हरदोई में विपक्षी दलों पर हमला करते हुए कहा कि जो तुष्टीकरण की राजनीति करने के लिए हमें हमारे त्योहार मनाने से रोकते थे, यूपी की जनता उन्हें 10 मार्च को जवाब दे देगी। उन्होंने सपा का नाम लिए बिना कहा कि हरदोई वालों ने वो दिन देखे हैं जब इन लोगों ने कट्टा और सट्टा वालों को खुली छूट दे रखी थी। चौथे चरण से पहले पीएम मोदी ने हरदोई में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आपका ये उत्साह, ये जोश हम सभी के लिए बहुत बड़ा आशीर्वाद है। हरदोई की पुण्य भूमि से होली जैसे पवित्र त्योहार का जुड़ाव हम सभी जानते हैं। मुझे पता है इस बार हरदोई और यूपी के लोगों ने 2 बार रंगों वाली होली खेलने की तैयारी कर ली है। पहली होली 10 मार्च को भाजपा की बंपर जीत के साथ मनाएंगे। लेकिन अगर 10 मॉर्च को धूमधाम से होली मनानी है, तो इसकी तैयारी अभी पोलिंग बूथ में करनी पड़ेगी, घर-घर जाना पड़ेगा। पीएम मोदी ने आगे कहा, आज तीसरे चरण में भी बिना बंटे एक जुट होकर कमल के निशान पर भारी मतदान हो रहा। यूपी के साथ-साथ पंजाब में भी वोट पड़ रहे हैं, वहां के लोग भी पंजाब के विकास, पंजाब की सुरक्षा और देश की अखंडता के लिए बड़ी संख्या में मतदान कर रहे हैं, भाजपा का समर्थन कर रहे हैं। यूपी के अगले चरणों की जिम्मेदारी भी आप लोगों ने ले रखी है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि पांच साल पहले माफियावादियों ने यूपी का क्या हाल बना दिया था? व्यापारियों को व्यापार करने में डर लगता था। राहजनी, छिनैती, लूट आम बात हो गई थी। लोग कहते थे, 'दिया बरे' घर लौट आओ।






# भारत चीन के संबंध सबसे कठिन दौर में : विदेश मंत्री

**नई दिल्लीः** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत और चीन के संबंध वर्तमान में सबसे कठिन दौर से गुजर रहे हैं। इसका प्रमुख कारण चीन का सीमा पर बड़ी संख्या में किया गया सैन्य जमावड़ा है। यह दोनों देशों के बीच हुए समझौते का उल्लंघन है। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन (एमएलली)-2022 की पैनल डिस्कशन में विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सीमा पर स्थिति संबंधों की स्थिति निर्धारित करती है। उन्होंने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा को लेकर भारत और चीन के बीच गतिरोध बना हुआ है। एक प्रश्न के उत्तर में विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और चीन के बीच सीमा पर 45 साल तक शांति रही है। 1975 के बाद से सीमा पर कोई भी हताहत नहीं हुआ है। यह स्थिति अब बदल गई है, क्योंकि चीन ने दोनों देशों के बीच हुए उस समझौते का उल्लंघन किया है जिसमें यह निश्चित किया गया था।



## 'केजरीवाल अलगाववादियों के खिलाफ जारी करें बयान'

**भोपालः** वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह कुमार विश्वास के समर्थन में खड़े हुए हैं। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल से मांग की है कि खालिस्तान आंदोलन के खिलाफ बयान जारी करें। बता दें कि कुमार विश्वास ने केजरीवाल पर पंजाब में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के दौरान अलगाववादियों का समर्थन करने का आरोप लगाया था। केजरीवाल ने आरोपों को खारिज कर दिया था। कुमार विश्वास ने दावा किया था अरविंद केजरीवाल पंजाब के मुख्यमंत्री या खालिस्तान के प्रधानमंत्री बनने का ख्वाब देखते हैं। कुमार विश्वास ने आरोप लगाते हुए कहा था कि केजरीवाल ने एक बार मुझसे कहा था कि वे पंजाब के सीएम या खालिस्तान के पीएम बनने का ख्वाब देख रहे हैं। दिग्विजय सिंह ने इस संबंध में ट्वीट किया। इसमें कहा कि कुमार विश्वास ने केजरीवाल से बहुत ही साधारण मांग की है। केजरीवाल को एक बयान खालिस्तान के खिलाफ दे देना चाहिए। उसमें कोई आपत्ति नहीं होना चाहिए। दिग्विजय सिंह ने एक और ट्वीट में कहा कि मोदी जी और केजरीवाल जी में एक बहुत बड़ी समानता है।

## एबीजी घोटालाः छह गुना बढ़ा सूरत के सीमेंट प्लांट का वैल्यूएशन

**नई दिल्लीः कथित** रूप से देश के सबसे बड़े बैंक घोटाले में चौंकाने वाला मामला सामने आया है। दअसल, एबीजी ग्रुप की सहायक कंपनी एबीजी सीमेंट की एक संपत्ति के वैल्यूएशन में एक महीने के ही अंदर छह गुना की वृद्धि दर्ज की गई है। इसका वैल्यूएशन एक महीने के ही अंदर 450 करोड़ से बढ़कर 3000 करोड़ रुपये हो गया है। दरअसल, 22,848 करोड़ रुपये के कथित बैंक घोटाले में एबीजी शिपयार्ड का नाम सामने आया है। एबीजी सीमेंट इसकी सहायक कंपनी है। यह दोनों कंपनियां ऋषि अग्रवाल के नेतृत्व वाले एबीजी समूह का हिस्सा हैं।

**7 बैंकों को सबसे ज्यादा नुकसान**



- ICICI: 7089 करोड़ रुपए
- IDBI: 3634 करोड़ रुपए
- SBI: 2468 करोड़ रुपए
- BOI: 1614 करोड़ रुपए
- PNB: 1244 करोड़ रुपए
- IOB: 1228 करोड़ रुपए
- LIC: 136 करोड़ रुपए

**क्या है पूरा मामलाः** रिपोर्ट के मुताबिक, आठ दिसंबर, 2021 को बॉम्बे हाईकोर्ट में सम्पत्ति के वैल्यूएशन के लिए नियुक्त अधिकारी ने बताया था कि, सीमेंट संयंत्र को 450 करोड़ रुपये में खरीदने के लिए एक खरीदार मिल गया है। नियुक्त अधिकारी ने इस सम्पत्ति को बेचने के लिए कोर्ट से अनुमति मांगी थी, जिससे कर्जदाताओं की वसूली करवाई जा सके। प्रवर्तन निदेशायल ने इस पर आपत्ति जताई।

**क्या थी ईडी की आपत्तिः** ईडी ने इस बिक्री पर आपत्ति जताते हुए कोर्ट में कहा था कि सूरत प्लांट कुर्क की गई संपत्ति है। कुर्क संपत्ति का मूल्य 952 करोड़ रुपये था। ऐसे में इतनी कम कीमत पर प्लांट की बिक्री नहीं की जा सकती है। जानकारी के मुताबिक, प्रवर्तन निदेशालय ने सूरत के सीमेंट संयंत्र को तब कुर्क किया था, जब सामने आया कि इस संयंत्र के नाम पर आईएल ।

## अहमदाबाद विस्फोटः 'अप्रूवर ने ईर्ष्या-द्वेष के कारण झूठी गवाही दी'

**अहमदाबादः** अहमदाबाद में 2008 में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के मामले में एक विशेष अदालत ने हाल ही में इंडियन मुजाहिदीन (आईएम) के 38 सदस्यों को मौत की सजा और 11 को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। अब मौत की सजा पाए तीन दोषियों ने दावा किया है कि एक अप्रूवर (वादा माफ गवाह) ने ईर्ष्या, द्वेष और धार्मिक संप्रयादों पर मतभेज की वजह से हमारे खिलाफ गवाही दी थी। इस मामले में एक आरोपी अयाज सैयाद सरकारी गवाह बन गया था। इसके बयान ने अन्य आरोपियों को दोषी साबित करने में अहम भूमिका निभाई थी। फांसी की सजा पाने वाले एक अपराधी शहाबुद्दीन शेख ने अदालत में कहा कि वह और अयाज सैयद अपराध शाखा के एक ही प्रकोष्ठ व साबरमती जेल की एक ही बैरक में थे। फैसले की प्रति के अनुसार शेख ने अपने बयान में कहा था कि दोनों की पहचान जेल में ही हुई थी। सैयद को पता था कि शेख को अंग्रेजी और अरबी भाषा का अच्छा ज्ञान है। शेख ने बताया कि मैं खेलों से लेकर अकादमिक प्रतियोगिताओं में सैयद को हरा देता था।

# मानवता का धर्म आधारित विभाजन नहीं किया जा सकताः राष्ट्रपति

## श्रीमद भक्ति सिद्धांत सरस्वती गोस्वामी प्रभुपाद के 150वें जयंती समारोह का शुभारंभ

**पुरी/भुवनेश्वरः** भारत में सभी स्थानों में विविध परम्पराएं और धार्मिक प्रणालियां प्रचलित हैं, परंतु इन आस्थाओं के पीछे एक ही सोच निहित है और वह है ईश्वर भक्ति के साथ-साथ पूरी मानवता को एक परिवार समझते हुए सबके कल्याण के लिए कार्य करना। मानवता का धर्म पर आधारित विभाजन नहीं किया जा सकता। गौड़ीय मठ के संस्थापक आचार्य श्रीमद भक्ति सिद्धांत सरस्वती गोस्वामी प्रभुपाद के 150वें जयंती समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने यह बात कही। यह जयंती समारोह तीन साल तक चलेगा। राष्ट्रपति कोविन्द ने कहा कि सत्य को बांटा नहीं जा सकता। एक ही सत्य का कई रूपों में वर्णन किया जाता है। ऋग्वेद में यह स्पष्ट कहा गया है- एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति, अर्थात सत्य एक ही है, विद्वान लोग उसकी अनेक प्रकार से व्याख्या करते हैं। उन्होंने कहा कि परमशक्ति अपने सभी रूपों में पूजनीय है। भारत में भक्ति-भाव से ईश्वर को पूजने की परंपरा सर्वाधिक महत्वपूर्ण रही है। हमारी यह भारतभूमि धन्य है जहां चैतन्य महाप्रभु जैसे महान विभूतियों ने लोगों को निःस्वार्थ उपासना का मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा कि चैतन्य महाप्रभु को स्वयं भगवान विष्णु का अवतार भी माना गया है। इसीलिए महाप्रभु शब्द का प्रयोग ईश्वर के नाम के अतिरिक्त केवल श्री चैतन्य के लिए ही किया जाता है। उनकी विलक्षण भक्ति से प्रेरित होकर ही बड़ी संख्या में लोगों ने भक्ति का मार्ग चुना। श्री चैतन्य ने अद्भुत और अखंड भक्ति भाव का आजीवन पालन किया।




## भारतीयों को एक बार फिर यूक्रेन छोड़ने का परामर्श

**नई दिल्लीः सैन्य संघर्ष के संकट से गुजर** रहे यूक्रेन में भारतीय दूतावास ने एक बार फिर भारतीय नागरिकों से अस्थाई तौर पर देश को छोड़ने की अपील की है। कैव में भारतीय दूतावास की ओर से जारी परामर्श में एक बार फिर अपील की है। परामर्श में कहा गया है कि सभी भारतीय जिनका वहां रहना जरूरी न हो और सभी भारतीय छात्र यूक्रेन को अस्थाई तौर पर छोड़ दें। वाणिज्यिक और चार्टर फ्लाइट उपलब्ध हैं। समयबद्ध और क्रमबद्ध निकासी के लिए इनका उपयोग किया जा सकता है। भारतीय छात्रों से इस बाबत अलग से अपील की गई है। उनसे कहा गया है कि वे अपने संबंधित छात्र कांट्रैक्टर से चार्टर फ्लाइट को लेकर संपर्क में रहें। इसके अलावा भारतीय दूतावास के फेसबुक पेज, ट्वीटर और वेबसाइट को नियमित तौर पर अपडेट के लिए देखते रहें। उल्लेखनीय है कि यूक्रेन से लगती सीमा पर रूस की ओर से बड़ी संख्या में सैन्य तैनाती से दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव का खतरा बना हुआ है।



## खबर संक्षेप



### अनुप्रिया पटेल की जनसभा शंकरगढ़ में आज

**शंकरगढ।** विधानसभा बारा में अपनादल-भाजपा-निषाद पार्टी-के संयुक्त प्रत्याशी वाचस्पति के चुनावी जनसभा को शंकरगढ के रानीगंज में सोमवार को मध्यान्ह 2 बजे अपनादल की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल सम्बोधित करेगी।यह जानकारी भारतीय जनता पार्टी यमुनापार जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने देते हुए आमनागरिको एवं कार्यकताओं से समय पर पहुंच कर जनसभा को सफल बनाने की अपील की। जनसभा मे भाजपा,अपनादल, निषाद पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे।

# पोलो ग्राउंड स्थित कुएं में महिला की बोरे में मिली लाश, तफ्तीश में जुटी पुलिस

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** चुनावी सरगर्मी के बीच अपराधिक घटनाओं से भी पुलिस में हलचल मच जा रही है। प्रयागराज शहर में रविवार शाम सिविल लाइंस स्थित पोलो मैदान के पुराने कुएं में बोरे के भीतर युवती का शव मिला है। युवती को जान से मारने के बाद उसकी लाश बोरे में भरकर इस कुएं में फेंकी गई थी। बोरे को सिला भी गया था। अब पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कातिलों की तलाश में जुटी है। रविवार दोपहर बाद पुलिस को सूचना मिली कि पोलो मैदान स्थित पुराने कुएं से बदबू फैल रही है। पुलिस पहुंची और दमकल दस्ते को बुलाया। दमकल दस्ते ने कुएं से बोरा बाहर निकाला जिसमें युवती का शव था। पुलिस का कहना है कि अनुमान है कि मारी गई युवती की उम्र 20 से 22 वर्ष के आसपास रही होगी। वह कौन थी, उसे किसने मारा और क्यों। इन सवालों के जवाब शव की पहचान होने के बाद जांच आगे बढ़ने पर हो सकेगी। कातिलों तक पहुंचने के लिए जरूरी है कि मारी गई युवती की शिनाख्त हो सके। सिविल लाइंस और आसपास के क्षेत्र में पता किया जा रहा है कि क्या कोई महिला या युवती लापता है। जनपद के सभी थानों के साथ ही पड़ोसी जिलों की पुलिस को भी सूचना दी जा रही है। खुल्दाबाद इलाके से एक युवती के गायब होने के बारे में पता चलने पर उसके परिवार के लोगों को पुलिस ने पोस्टमार्टम हाउस बुलाया गया है ताकि शव की पहचान कराई जा सके।



पोलो ग्राउंड स्थित कुएं के पास जुटी भीड़

### बुजुर्ग, दिव्यांग अपने घरों से कर रहे मतदान, प्रशासन मुस्तैद

**प्रयागराज।** यूपी विधानसभा चुनाव 2022 के तहत प्रयागराज परिक्षेत्र में पांचवें चरण में मतदान 27 फरवरी को है। इस बार दिव्यागों और 80 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों के घर पहुंचकर रविवार से मतदान करवाया जा रहा है। इसके लिए जिला प्रशासन ने तैयारी कर ली थी। मतदान कर्मियों का शेड्यूल भी तय है। इसके लिए कर्मचारियों को पोस्टल बैलेट भी मुहैया करा दिया गया था।

#### बुजुर्गो दिव्यांगों के घर भेजा जा रहा बैलट पेपर

इस बार दिव्यागों और बुजुर्गों को बैलेट पेपर पर घर से ही वोट देने का विकल्प दिया गया है। यह सुविधा मिलने पर 80 वर्ष से अधिक उम्र में 487 बुजुर्ग और 208 विकलांगों ने घर से मतदान करने का विकल्प चुना है। इनका सर्वे हो चुका है। इन सभी का मतदान कराने के लिए 20 फरवरी को टीम रवाना हुई। मतदान करवाने के लिए जाने वाली टीम को मतदान कर्मी प्रशिक्षण केंद्र बिशन जानसन गर्ल्स इंटर कालेज और मैरी लूकस इंटर कालेज, कचेहरी डाक मतपत्र दे दिया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षदेव पांडेय ने बताया कि पहले चरण में मतदान कर्मियों की टोली 20 फरवरी को रवाना हो रही। टीम सुबह नौ से शाम छह बजे तक इलाहाबाद पश्चिम, इलाहाबाद उत्तर, इलाहाबाद दक्षिण, फाफामऊ, सोरांव, फूलपुर जा रही। आज बारा, हंडिया, कोरांव, मेजा, करछना, प्रतापपुर टीम को इसके लिए भेजा जाएगा। इस चरण में जो मतदाता छूट जाएंगे, उनका मतदान कराने के लिए 22 फरवरी को फिर से इलाहाबाद पश्चिम, इलाहाबाद उत्तर, इलाहाबाद दक्षिण, फाफामऊ, सोरांव और फूलपुर टीम जाएगी। 23 फरवरी को टीम बारा, हंडिया, कोरांव, मेजा, करछना और प्रतापपुर जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### सड़क की पटरी पर लावारिस लाश देख मचा हड़कंप



**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर रुदापुर गांव के सामने रविवार की सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए आवागमन कर रहे लोगों ने सड़क के किनारे पूर्वी पटरी पर लगभग 35 वर्षीय युवक की लाश देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। जिसकी तत्काल सूचना 112 नंबर सहित थरवई पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पहचान कराने की कोशिश की परंतु पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

### काव्य रस परिवार द्वारा कवियों को मिला श्रेष्ठ रचनाकार सम्मान

#### छंद विधान की रचनाओं से आयोजित प्रतियोगिता के 84 चरण पूरे

**करछना।** काव्य विधा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विगत डेढ़ वर्षो से अधिक समय से आयोजित की जा रही काव्य प्रतियोगिता के 84 चरण पूरे हो जाने पर काव्य रस परिवार द्वारा कवियों को श्रेष्ठ रचनाकार सम्मान प्रदान किया गयाकाव्य रस प्रतियोगिताक्रमांक- ८४ का परिणामपरिणाम घोषित किया गयाजिसमें स्वतन्त विषय पर द्रुतविलम्बित छन्द मे चयनित रचनाधर्मी डॉ० त्रिलोकी सिंह जी प्रयागराज ,पण्डित राकेश मालवीय 'मुस्कान' प्रयागराज, छगनलाल गर्ग जी 'विज्ञ' सिरोही ,-प्रो (डॉ०) शरदनारायण खरे मण्डला सतेन्द्र शर्मा जी 'तरंग' देहरादून, रचना उनियाल जी बेंगलुरु-को काव्यरस साहित्यिक परिवार द्वारा श्रेष्ठ रचनाकार सम्मान प्रदान किया गया काव्य रस परिवार द्वारा समय-समय पर साहित्यकारों कवियों को विशिष्ट सम्मान में प्रदान किया जाता है और प्रतिवर्ष 21 जून को परिवार अपना वार्षिक समारोह आयोजित करता है जिसमें स्थानीय साहित्यकारों को भी सम्मानित किया जाता है।

### चोरों ने सफारी गाड़ी में लाद ले गये बकरियां

**सहसों।** चोर भी समय के अनुसार हाईटेक होते जा रहे हैं चोरों ने भेड़, बकरियां, गाय, भैंस डाला गाड़ियों में चुरा कर ले जाते थे परन्तु अब चार पहिया की वीआईपी गाड़ियों में जानवरों को चुरा कर ले जाने का काम कर रहे हैं। ऐसे ही घटना थरवई थाना क्षेत्र के देवनहरी गांव में बीती मध्य रात्रि में सफारी सवार मवेशी चोरों ने दलान के पीछे सेंध लगाकर 15 बकरियां लाद कर फरार हो गए। भुक्तभोगी देवनहरी गांव निवासी मंगरु पाल बकरी पालन करके अपने घर का बाल बच्चों सहित जीविकोपार्जन करते हैं। परन्तु शनिवार की रात अपनी सभी बकरियों को घर में बांधकर सोने चले गए। चोरों ने मौके की तलाश देखकर इसी बीच मध्य रात्रि में सफारी चार पहिया गाड़ी से मवेशी चोर पीछे से सेंध लगाकर अन्दर घुस गए। उसमें से 15 बकरियां सफारी में लाद लिए। खड़बड़ाहट होने से समीप के कुछ लोग जग गए। आहट सुनकर सफारी सवार चोर बकरियों को लेकर फरार हो गए। चोरी की जानकारी पाकर पशुपालक मंगरु पाल ने आकर देखा तो बाड़े से 15 बकरियां गायब रहीं । फिलहाल भुक्तभोगी मंगरू पाल ने बकरी चोरी की रविवार की सुबह संबंधित थाने में जाकर इसकी सूचना पुलिस को दे दी है।

### क्षत्रिय कल्याण समिति ने विकास हेतु मतदान का लिया संकल्प

**नैनी।** क्षत्रिय कल्याण समिति जमुनापार के तत्वावधान में रविवार को एक बैठक पीडीए कालोनी नैनी मे समिति के अध्यक्ष गुरु प्रकाश राव की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन क्षत्रिय कल्याण समिति के महामंत्री डी के सिंह ने किया। जिसमें सर्वसम्मति से यह संकल्प लिया गया कि हमारे समाज के अधिकतम बंधु राष्ट्रहित एवं प्रदेश के सवार्गीण विकास को ध्यान मे रखते हुये अपना मत प्रदान करेगें। इस दौरान सुजीत सिंह, शिवेंद्र सिंह, विद्या सिंह, जनार्दन सिंह, वीपी सिंह, अरुण सिंह, आरके सिंह, रामेश्वर प्रताप सिंह, डी के सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

# सीडीए पेंशन की टीम फिर बनी वॉलीबाल की चैम्पियन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स म्योहॉल में किया गया। प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने हिस्सा लेकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक के संघर्षपूर्ण रहा,जिसमें सीडीए पेंशन इलाहाबाद ने म्योहॉल स्पोर्ट्स कांप्लेक्स की टीम को 25-16,22-25 और 25-22 अंकों से हराकर जिला स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता की ट्राफी जीत ली। विजेता टीम के दरबार सिंह,सोनी और अंशुमान त्रिपाठी तथा उपविजेता टीम के सौरभ सिंह,राम सिंह और अनुपम तिवारी का खेल विशेष रूप से सराहनीय रहा। इसके पूर्व खेले गए सेमीफाइनल के प्रथम मैच में म्योहॉल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ने पुलिस लाइन प्रयागराज की टीम को 25-18,19-25 और 25-20 अंकों से हराया। इसी प्रकार दूसरे सेमीफाइनल के मैच में सीडीए पेंशन इलाहाबाद में देव स्पोर्ट्स एकेडमी नैनी को 25-16,25-21 अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। अल्ताफ अली, मुकेश शुक्ला, सुरेंद्र सिंह, संतोष भास्कर और आशीष यादव ने निर्णायक की भूमिका अदा की। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति मा.सलिल रॉय जी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी प्रयागराज श्री संजय खत्री जी के कर कमलों से संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी व व्यक्तिगत पुरस्कार देकर सम्मानित किया। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी प्रयागराज अनिल तिवारी ने मुख्य अतिथि महोदय द्वय का बुकें व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। म्योहॉल क्रीड़ा प्रभारी संदीप गुप्ता ने अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया। उक्त अवसर पर जिला वालीबाल संघ, प्रयागराज के महासचिव आर.पी.शुक्ला, पूर्व अंतरराष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी जार्डन एच नाथ, अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी व अर्जुन अवार्डी अभिन्न श्याम गुप्ता, कृषि विश्व विद्यालय के ज्वाइंट रजिस्ट्रार सी.जे.वेसली, जसवंत सिंह, सुरेश रॉय, जे.पी.सिंह, धर्मेद्र प्रताप सिंह, राजन सिंह, सतेंद्र सिंह, जयराम सिंह, संजय सिंह, विनय कुमार, संजय रॉय, भूपेंद्र नाथ सिंह आदि वरिष्ठ खिलाड़ीगण उपस्थित रहें।




विजई टीम को ट्राफी देते जिलाधिकारी प्रयागराज

# कांग्रेस प्रत्याशी रिंकी पटेल के समर्थन में छत्तीसगढ़ के सीएम की जन सभा आज

अखंड भारत संदेश

**करछना।** सोमवार को मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ भूपेस बघेल का आगमन की तैयारियों जोरों पर है। जानकारी के अनुसार आपको बता दें कि करछना विधान सभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रिंकी पटेल के समर्थन में मतदान को लेकर 21फरवरी को कप्तुआ करेहा बगिया में आगमन की सूचना पर कांग्रेसी नेताओं में जोश आ गया है और समर्थकों के साथ सुनील पटेल के साथ क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क कर रिंकी पटेल के समर्थन में मतदान करने की अपील की जा रही है वहीं जनसभा को सफल बनाने की अपील की जा रही है इस मौके पर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के साथ जन सभा स्थल का जायजा लिया इस मौके पर डाक्टर दिनेशकुमार सोनी, सुशील कुमार पटेल, शिव विजय सिंह, चंद प्रकाष तिवारी, सहित बडी संख्या में कांग्रेस के समर्थक शामिल रहे।



सभास्थल का जायजा लेते कांग्रेस के समर्थक

# ब्राह्मणों ने की बैठक,आम सहमति से सभी ब्राह्मण करेंगे मतदान

अखंड भारत संदेश

**जसर।** क्षेत्र के जसरा ब्लॉक अन्तर्गत तातारगंज में प्रबुद्ध वर्ग की एक बैठक की गई। बैठक में आगामी 27 फरवरी को विधानसभा चुनाव में समाज के लिए उपयोगी प्रत्याशी के चयन पर चर्चा की गई। विशेषकर ब्राह्मण समाज की बेहतरी के लिए किसने क्या क्या किया, इस पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लालमणि पांडेय ने कहा कि वर्तमान में बारा से प्रमुख पार्टियों के प्रत्याशियों की घोषणा हो चुकी है। ब्राह्मण समाज को एकजुट होकर अपने समाज के हितों को ध्यान में रखकर प्रत्याशी का चयन करना सबकी प्राथमिकता होगी। बीते वर्षों में बारा के ब्राह्मणों की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए सूर्यनिधान पांडेय ने कहा कि आगामी 23 फरवरी को एक विशाल ब्राह्मण सभा आयोजित की जाएगी। वो सभा निर्धारित करेगी कि कौन सा विकल्प हमारे समाज के लिए बेहतर है। बैठक में कन्हैया लाल मिश्र पूर्व डी सी एफ अध्यक्ष, माताबदल मिश्रा, रामधनी पाठक, एडवोकेट गया प्रसाद त्रिपाठी, अभिषेक मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, दिनेश तिवारी, सोमनाथ किसान नेता, मुकेश मिश्रा अध्यक्ष ब्राह्मण महासंघ प्रयागराज, प्रदीप द्विवेदी, दिनेश पाठक, दया शंकर दुबे, नीरज शुक्ला मवइया, प्रेम नारायण पाण्डेय, बाल्मीकि मिश्रा, जगदम्बा शुक्ल, राजकुमार शुक्ल देवरा, एडवोकेट दिनेश चौकठा, श्याम तिवारी, विष्णु शुक्ला, कमला द्विवेदी सहित दर्जनों प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।




जसरा ब्लाक के तातारगंज में बैठक करते ब्राह्मण प्रबुद्धवर्ग के लोग

# कोरांव सु0 सीट : चुनावी दंगल मतदाताओं के रडार पर

## पंजा,सायकिल,कमल का फूल,हाथी,धनुष बाण,का प्रचार प्रसार तेज

अखंड भारत संदेश



श्रीमती आरती कोल शिवसेना



राजबली जैसल



रामकृपाल कांग्रेस



राजमणि कोल भाजपा



रामदेव निडर कोल सपा

**कोराव।** कोरांव विधान सभा का चुनाव अब परवान चढ़ने लगा है। साथ ही उम्मीदवार अपनी अपनी जीत सुनिश्चित करने में मैदान में ताल ठोक रहे हैं। उक्त सीट पर भाजपा प्रत्यासी निवर्तमान विधायक राजमणि कोल मैदान में हैं। समर्थन में सांसद श्रीमती जोशी जी तथा भाजपा के नेता आदि भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र के आधार जनता के पास वोट मांगने जा रहे हैं। और सब का साथ सबका विकास किए हैं और आगे भी किए जानें की बात कह रहे हैं। इसी तरह कांग्रेस प्रत्यासी पूर्व विधायक रामकृपाल कोल भी जोड़ तोड़ के साथ तिब्रता से चुनावी समर में कूदे हैं। इनके साथ पुराने कामरेड साथी गण कार्ड हरीराम पांडेय जैसे दिग्गज नेता रामकृपाल के समर्थन उतर आए हैं। जिससे चुनाव रोचक हो गया है। कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षक बड़े लीडर और छत्तीसगढ़ के विधायक पूरे लाव लश्कर के साथ क्षेत्र में डेरा डाल दिए हैं। प्रियंका गांधी ने वचुर्वाल जनसभा भी बड़ोखर,लेंडियारी, खीरी, कोहणार घाट,आदि में रामकृपाल कोल को भारी मतों से पंजा के निशान वाली बटन दबा कर जिताने की अपील किया। उधर सपा के लीडर कार्यकर्ता रामदेव निडर कोल के समर्थन में मैदान में पूरी ताकत झोंक दिए हैं। निडर का मानना है कि सर्व समाज का समर्थन मिल रहा है। बसपा के राजबली जैसल पूरी ताकत से मैदान ए जंग में तटस्थ हैं। उनका भी मानना है कि मुझे सर्व समाज का समर्थन मिल रहा है। श्रीमती आरती कोल शिवसेना उम्मीदवार ने भी अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। और जन संपर्क के दौरान नारी के सम्मान में आरती खड़ी मैदान में का नारा लगा कर जीत के लिए जनता से विनती करती दिख रही हैं। उनका आरोप है कि भाजपा ने मेरे साथ अन्याय किया और मेरा अपमान किया और मेरी रुसवाई की। भाजपा विधायक पर वोट कटवा कर नारी अपमान किए जाने की बात जन सभाओं में कही। शिवसेना के नेता भी नाराजगी जता कर आरती को जीतने की अपील किए। फिलहाल उक्त सीट पर कुल तीन लाख इक्यावन हजार लगभग मतदाता में कोल करीब अस्सी हजार,ब्राह्मण 45 हजार,कुर्मी 40 हजार,कुशवाहा,मौर्य,बिहारी वर्ग का 38 हजार,पाल 28,मुस्लिम 19 हजार,चमार अनुसूचित 22, धईकार 12,लोहार,12,ठाकुर 8,यादव12,अन्य वर्ग के कुल करीब 40हजार मतदाता हैं। यही सभी उक्त प्रत्यासियों के भाग्य का फैंसला 27 फरवरी को करेंगें। सर्वेक्षण से प्रतीत हो रहा है कि सभी जाति के वोट एक तरफा किसी के पक्ष में नहीं है। मतदाता भी बड़े असमंजस में हैं। ज्यादातर कोल मतदाता भी एक प्रत्यासी के पक्ष में ज्यादातर भागते जा रहे हैं। यद्यपि देखा जाए तो श्रीमती आरती कोल की कोराव में शिवसेना की विशाल जन सभा जो 19 फरवरी को आयोजित हुई इससे अन्य प्रत्यासियों के समीकरण बिगड़ सकते हैं। खाश तौर से भाजपा प्रत्याशी के लिए ज्यादातर प्रभाव डाल सकता है। किंतु भाजपा समर्थक इसे महत्व नहीं देते अपनी जीत सुनिश्चित मन रहे हैं।

# भगवान कृष्ण की मनोहारी बाल लीला वर्णन से श्रोता मन्त्र मुग्ध हुए

अखंड भारत संदेश

**पसना।** भागवत सप्ताह कथा महोत्सव में पंचम दिवस आज भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला का वर्णन करते हुए पं निर्मल कुमार शुक्ल ने मानों मथुरा वृंदावन का दृष्य साकार कर दिया।आपने कहा कि परमात्मा प्रेम के वशीभूत होकर अपने समस्त ऐश्वर्य का विस्मरण कर देते हैं और भक्त को प्रसन्न करने के नाना प्रकार की लीलाएं करते हैं। जिन्हें विश्वंभर कहा जाता है चराचर जगत का भरण पोषण करने वाले वो भगवान कृष्ण प्रेम से परिपूर्ण गोपियों के सुख के लिए उनसे माखन और छाछ की याचना करते हैं और गोपियां परमात्मा को नचाती हैं।सारा ब्रह्माण्ड जिनकी माया के वशीभूत होकर नाचता उस ब्रह्म को ताहि अहीर की छोहरियां छछिया भरि छाछ पे नाच नचावें।अरे आश्चर्य तो यह हुआ कि जिनकी माया ने ब्रह्मा तक को बंधन में डाल दिया सारा जगत भव बंधन में बंधा हुआ है उसे जिनका नाम मुक्त कराता है वही परमात्मा माता यशोदा के हांथों बांध दिया गया।जे भगवान सकल जग बांधे प्रवल कर्म की डोरी।तिनहिं यशोदा प्रेम डोर सों बांधी सकत न छोरी।इस प्रकार गोकुल वृंदावन में में परमात्मा प्रेम परवश होकर गोप गोपियों की प्रसन्नता के लिए सारे कर्म करते हैं।शुक्ल जी ने कहा कि जब गोकुल में अनेकों उत्पात होने लगे तब नंद इत्यादि ने विचार किया कि अब गोकुल कृष्ण के लिए सुरक्षित नहीं है और सब वृंदावन चले गए।यह वृंदावन गोलोक धाम का ही स्वरूप है जहां नित्य निरंतर राधा कृष्ण की दिव्य लीलाओं का विस्तार होता है।इसी लिए स्वर्ग के देवता भी वृंदावन में जन्म लेने को तरसते हैं और परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि हमें वृंदावन की लता घास वृछ बना दो ताकि आपके आपके प्रेम में उन्मत्त होकर गोपियां चलें तो उनके चरण की धूल हमारे ऊपर पड़ जाय तो हम धन्य हो जायं।इसके बाद माखन चोरी गोचारण काली मद मर्दन चीर हरण गोवर्धन पूजा आदि प्रसंगों की मार्मिक व्याख्या करते हुए विद्वान वक्ता ने सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस भव्य आयोजन के यजमान पं राम रक्षा मिश्र और व्यवस्थापक पं जमुना प्रसाद मिश्र ने क्षेत्र के समस्त धर्म प्रेमी सज्जनों से अधिकाधिक संख्या में कथा श्रवण करने का आग्रह किया है।दि 22 को शायं काल कथा का विश्राम हो जाएगा।

भागवत महापुराण कथा पंचम दिवस। वक्ता पं निर्मल कुमार शुक्ल



# खेल से जागृत होती है अनुशासित रहने की भावना : सत्येन्द्र त्रिपाठी

## भमई हुसामगंज गांव में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** खेल से ब्यक्ति में आपसी सौहार्द बढ़ने के साथ ही अनुशासन में रहने की भावना जागृत होती है। इसलिए समय- समय पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन करना आवश्यक है। उक्त बातें रविवार को भमई हुसामगंज गांव में आयोजित योगेंद्र प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए अखिल भारतीय पंचायत परिवार के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येन्द्र त्रिपाठी ने बतौर मुख्य अतिथि कही। विशिष्ट अतिथि कमल कुमार मिश्रा ने खिलाड़ियों को अनुशासनात्मक खेल, खेलने की सलाह देते हुए कहा कि खेल और पढ़ाई का आपस में परस्पर संबंध है जिस प्रकार से पढ़ाई के लिए अनुशासन में रहना आवश्यक होता है ठीक उसी प्रकार से खेल में भी संयमित शैली अपनाकर खेल जगत में अपनी पहचान बनाई जा सकती है। प्रधान संघ के प्रदेश सचिव व समाजवादी पार्टी के जिला सचिव जगदीश गुप्ता ने खिलाड़ियों के हौसले को आफजाई करते हुए कहा कि खेल से शारीरिक व मानसिक विकास दोनों होता है। इसलिए युवाओं को खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना चाहिए। क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच डार्क ब्लू व आरेन्ज आर्मी के बीच खेला गया। जिसमें डार्क ब्लू ने प्रतिद्वंद्वी टीम को हराकर उद्घाटन मैच का खिताब अपने नाम कर लिया। इसके पहले मुख्य अतिथि ने सभी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उम्दा प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी। क्रिकेट टूनार्मेंट के आयोजक प्रधान संघ अध्यक्ष फूलपुर योगेंद्र भारतीय ने उपस्थित अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया। खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिता का आयोजन विद्यार्थी के लिए बहुत ही जरूरी है ऐसे आयोजन युवाओं को एक नई दिशा देने का काम करते हैं। भविष्य में भी ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन करने की बात कहते हुए उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य गांव का चहुंमुखी विकास करना है। ग्रामीणों की शिक्षा, चिकित्सा व अन्य जरूरी सुविधाओ के साथ ही उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए गांव में एक खेल मैदान बनाया जाएगा। क्रिकेट प्रतियोगिता में दूर दराज से आई टीमों ने भाग लिया। खेल मैदान पर सैकड़ों की संख्या में उपस्थित दर्शक अपनी टीमों का हौसला अफजाई करते रहे। क्रिकेट प्रतियोगिता का कुशल संचालन ग्राम रोजगार सेवक पंचायत मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के फूलपुर ब्लाक अध्यक्ष नूरुद्दीन हाशमी ने किया। मौके पर आयुश प्रकाश,मो०कैश,अमीन,मो० फैजान,गुल्ले, राजा, संदीप शाहू, धीरेन्द्र प्रकाश,आदित्य साहू, मो० जीशान सहित अन्य खिलाड़ी व दर्शक मौजूद रहे।



योगेंद्र प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते अतिथिगण

## खबर संक्षेप

### विधवा महिला की जमीन पर जबरदस्ती कब्जा कर रहे हैं दबंग

**हररायपुर कौशाम्बी।** कोखराज थाना के अंतर्गत हिसामपुर परसखी सुखवा पुर की संगीता देवी पत्नी छब्बू सरोज ने कोखराज थाना में प्रार्थना पत्र दे कर बताया कि उसे तहसील प्रशासन से पट्टा की जमीन मिली थी गांव के छोटई वीरेंद्र पंडित जमीन में घर नहीं बनने दे रहे है महिला का आरोप है कि इन्ही लोगो की जमीन के पास छोटई की जमीन थी उस जमीन को बेंच दिया था अब इनकी जमीन में घर बना रहा है विधवा महिला का आरोप है कि दबंग जातिसूचक शब्दों से गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहे है महिला का कहना है कि उसकी जमीन पर दबंग घर नहीं बनाने दे रहे हैं पुलिस को तहरीर देकर महिला ने दबंगों पर कार्यवाही की मांग की है।

# एडीजी जोन एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मतदान के लिए किया प्रेरित

अखंड भारत संदेश



सिविल लाइंस सेल्फी प्वाइंट पर मतदाताओं को जागरूक करते निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी

**प्रयागराज।** एडीजी जोन प्रेम प्रकाश एवं जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने हनुमान मंदिर, सिविल लाइंस में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए लोगो को मतदान करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि यही आपकी पहचान है न केवल आप स्वयं वोट करें, बल्कि आप अपने साथियों तथा आस-पास के लोगो को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। कोई यदि आपको उपलब्धि मिलती है, तो आपके साथ-साथ आपके परिवार को भी खुशी होती है। उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि एक-एक वोट के महत्व को बताया। उन्होंने सभी उपस्थित लोगो से मतदान दिवस 27 फरवरी, 2022 को मतदान करने की अपील की। एडीजी जोन ने अपने सम्बोधन में वोट के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि प्रयागराज जनपद वासियों से अपील है कि अपना वोट अवश्य करें। उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि कई प्रकार की सुविधाएं इस बार चुनाव आयोग के द्वारा मतदाताओं को उपलब्ध करायी गयी है, जिससे आप अपने मत का प्रयोग कर सकते है तथा उपस्थित लोगो को मतदान करने की शपथ भी दिलायी। इस अवसर पर सचिव पीडीए, अपर नगर मजिस्टेट प्रथम शुभम श्रीवास्तव, श्लेष गौतम, अनुपम परिहार, एकता शुक्ला सहित अन्य सम्बंधित लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### विधायकों ने प्रतापपुर के साथ सौतेला व्यवहार किया : राकेश धर त्रिपाठी



**प्रतापपुर।** प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के उग्रसेनपुर लोढ़ीडीह गांव में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष महावीर मिश्रा द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में अपना दल भाजपा गठबंधन प्रत्याशी डॉ राकेश धर त्रिपाठी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले काफी पिछड़ा हुआ क्षेत्र है।यहां के विधायकों ने प्रतापपुर के साथ सौतेला व्यवहार किया जीतकर सिर्फ अपना विकास किया प्रतापपुर में कोई विकास नहीं हुआ आप लोगों के बीच मै क्षेत्र का दुख दर्द बांटने और विधानसभा क्षेत्र का विकास करने आया हूं आप लोगों के सहयोग से क्षेत्र का सर्वाधिक विकास होगा। कार्यक्रम के संयोजक महावीर मिश्रा ने पूर्व मंत्री डॉ राकेश धर त्रिपाठी को कप प्लेट उपहार दिया। मंडल अध्यक्ष प्रतापपुर आशुतोष त्रिपाठी, देवमणि, स्वेतंक मिश्रा, मयंक मिश्रा, श्याम मिश्रा, ग्राम प्रधान राजमुन्ना भाई, अच्छेलाल पटेल, सत्यम मिश्रा निलेश मिश्र, भरत मिश्रा प्रदीप, सुनील, संजू, आंनद मिश्रा, ताराचंद विश्वकर्मा, नागेन्द्र पासी, रामबाबू पासी, मुखिया यादव बलराम यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### धनकर समाज ने किया सपा के पक्ष में मतदान करने की अपील



**सोरांव।** सोरांव तहसील अंतर्गत रविवार को जेपी धनगर राष्ट्रीय अध्यक्ष महासभा के नेतृत्व में एक जनसभा मऊआइमा में की गई। तथा सभा में सोरांव विधान सभा के प्रत्याशी गीता पासी के पक्ष में मतदान करने की सभी धनगर (गड़ेरिया) समाज से अपील की। इस मौके पर राजू धनगर,डॉक्टर एस एन पाल, पूर्व बीडीसी सालिक राम धनगर, सीताराम पाल,उमेश पाल, संगम पाल, प्रेम चन्द पाल,संजय पाल,राम जी पाल संग सैकड़ों धनगर लोग मौजूद रहे।

### सपा समर्थकों ने सपा प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह के समर्थन में निकाली वाइक रैली



**करछना।** विधानसभा करछना मंदौली ग्राम सभाके सपा प्रत्याशी उज्ज्वल रमण सिंह समर्थन में युवाओं नें रैली निकाल कर प्रचार के दौरान अपने साथियों के साथ समाजवादी बाइक रैली निकाला था जिसमें बडी संख्या में नौजवान साथियों ने गांव गांव जाकर प्रचार किया । और अखिलेश यादव जी को मुख्य मंत्री बनाने की अपील की। साथ मे रहे अरुण यादव (महासचिव) राजा यादव ज्ञानधर यादव अशोक यादव कमल यादव ( छोटू) श्याम सुंदर यादव के अलावा बडी संख्या में सपा कार्यकर्ता शामिल रहे ।

### बसपा भाजपा छोड़ कई सपा में शामिल



**जसरा।** बारा विधानसभा में आज श्रीनाथ सत्यनारायण इंटर कॉलेज जसरा प्रयागराज में समाजवादी प्रत्याशी अजय भारती मुन्ना और ब्लाक प्रमुख जसरा अजीत प्रताप सिंह की अगुवाई में ग्राम प्रधान पांडर सुरेंद्र सोनकर भाजपा मंडल अध्यक्ष पद छोड़कर सपा में शामिल हुए।वहीं बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता विधानसभा कोषाध्यक्ष रामचन्द्र सोनकर बहुजन समाज पार्टी को छोड़कर अपने समाज रंजीत सोनकर, शिव बरन सोनकर, बिरजू सोनकर, नान बाबू सोनकर संदीप सोनकर, अशोक सोनकर, अजय सोनकर, अनिल सोनकर, भैया लाल सोनकर, रामराज सोनकर, चिरौंजी सोनकर, लालजी सोनकर, संतोष सोनकर, बबलू सोनकर, बबोल सोनकर, रघु सोनकर आदि सैकड़ों लोगो के साथ सपा में शामिल हुए। प्रत्याशी अजय भारती मुन्ना द्वारा सभी को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और खुशी जाहिर की गई। कार्यक्रम में मौजूद दशरथ भारतीय, रवि यादव, फूलचंद गौतम, पवन गौतम, गणेश शुक्ला, रमेश तिवारी, पारुल त्रिपाठी, राजेंद्र त्रिपाठी, कृपा शंकर त्रिपाठी, रमेश त्रिपाठी, राजनाथ गौतम, गुड्डू सिंह, दिनेश तिवारी, उपेंद्र दुबे, अंबिका प्रसाद त्रिपाठी, कृपाशंकर, गिरजा पांडे, सुनील दुबे, मुकेश तिवारी आदि लोग मौजूद रहे। बारा विधानसभा में सोनकर समाज ने आज सपा में शामिल होकर बारा विधानसभा में सपा प्रत्याशी अजय भारती मुन्ना की जीत सुनिश्चित कर दी है। सुरेंद्र सोनकर द्वारा बताया गया कि भाजपा शासन काल में आरक्षण हमारा खतरे में है। इसलिए हम लोग सपा को अपने समाज के साथ समर्थन कर रहे हैं। वहीं रामचंद्र सोनकर के द्वारा बताया गया कि बसपा हमारे समाज का शोषण करती है और जब तक चुनाव रहता है तब तक बहन जी कहती हैं दलित समाज हमारे हैं । सरकार बनने के बाद उनके नेताओं द्वारा शोषण किया जाता है । इसलिए हम अपने समाज के साथ अखिलेश यादव का समर्थन करते हैं।

# अतीक के कब्जे से मुक्त जमीन पर गरीबों के घर की भरी गई बुनियाद

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के कब्जे से मुक्त कराई गई जमीन पर गरीबों के घर की नींव पड़ गई है। लूकरगंज में खाली कराई गई जमीन पर गरीबों के लिए 76 फ्लैट का निर्माण पीडीए ने शुरू करा दिया है।योजना के मुताबिक डेढ़ वर्ष में गरीबों के ये आशियाने बनकर तैयार हो जाएंगे। बीते 26 दिसंबर 2021 को सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस आवासीय योजना की आधारशिला रखी थी।पीएम आवास योजना के तहत लूकरगंज में माफिया से मुक्त कराई गई जमीन पर आवासीय फ्लैट का निर्माण शुरू हो गया है। शिलान्यास के महज महीने भर के भीतर अतीक के कब्जे से मुक्त कराई गई 1731 वर्ग मीटर जमीन पर आवासीय योजना का निर्माण शुरू होने से शहर के भीतर गरीबों के घर का सपना साकार होने की उम्मीद जग गई है। इस योजना के तहत 458.88 लाख की लागत से 76 फ्लैट बनाए जा रहे हैं। फिलहाल नींव भर दी गई है। पीडीए के अफसरों के मुताबिक इस चार मंजिला बिल्डिंग में स्टिल पार्किंग, कम्युनिटी हाल बनाया जाएगा। इसके अलावा सोलर लाइट भी लगाई जाएगी। गरीबों के लिए तैयार की जा रही इस आवास योजना की डिजाइन ग्रीन बिल्डिंग के रूप में होगी। यह आवासीय योजना करीब डेढ़ वर्ष में पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगी। इसके बाद इन आवासों का आवंटन लाभार्थियों को किया जाएगा।

## एक फ्लैट की लागत छह लाख, 2.50 लाख रुपये मिलेगा अनुदान

लूकरगंज में अतीक से मुक्त कराई गई जमीन पर बनने वाले आशियानों में एक फ्लैट की लागत छह लाख रुपये आएगी। इसमें से 1.50 लाख रुपये का अनुदान केंद्र सरकार देगी। जबकि, एक लाख रुपये का अनुदान राज्य सरकार की ओर से दिया जाएगा। इसके अलावा 3.50 लाख रुपये इस आवासीय योजना के तहत चयनित लाभार्थी को देना होगा।माफिया के कब्जे से मुक्त कराई गई जमीन पर गरीबों के लिए आशियाने का निर्माण शुरू होने से लोगों में उम्मीद जग गई है। लोगों का कहना है कि यह इलाका पहले माफिया के खौफ से कांपता था। ऐसे में लोगों को उम्मीद ही नहीं थी कि भूमि पूजन के बाद इतनी जल्दी यहां काम भी शुरू हो पाएगा, लेकिन काम आरंभ होने के साथ ही लोगों के चेहरे पर मुस्कान तैरने लगी है।माफिया से मुक्त कराई गई भूमि पर आवास योजना के तहत निर्माण आरंभ करा दिया गया है। नींव भरने का काम पूरा हो गया है। अगर कोई व्यवधान नहीं आया तो निर्धारित समयावधि के भीतर इस आवासीय योजना को पूरा कर लिया जाएगा। लॉटरी से इस योजना के लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। अरविंद कुमार चौहान- उपाध्यक्ष, प्रयागराज विकास प्राधिकरण।

## एयरपोर्ट कॉरीडोर के लिए सौ साल पुराने होम्योपैथी क्लिनिक व रेस्टोरेंट के ध्वस्तीकरण पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रयागराज एयरपोर्ट कॉरिडोर के लिए सुलेमसराय आवास योजना में सौ साल पुराने होम्योपैथिक क्लीनिक और रेस्टोरेंट के ध्वस्तीकरण पर रोक लगा दी है। रविवार को छुट्टी के दिन याचिका पर सुनवाई करते हुए मामले में यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया है।अब याचिका पर विस्तृत सुनवाई 24 फरवरी को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर व न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ ने राकेश गुप्ता व दो अन्य की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। कोर्ट ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण ( पीडीए) से पूछा है कि याची ने किस तरह का अतिक्रमण किया है। याची का तर्क है कि एक जनहित याचिका पर पारित आदेश के तहत कानपुर रोड से सटे अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं। यह अतिक्रमण प्रयागराज एयरपोर्ट कॉरिडोर निर्माण के लिए हटाए जा रहे हैं। पीडीए पहले ही सर्वे कराकर अतिक्रमण हटा चुका है।

**24 फरवरी को होगी मामले की सुनवाई**

हाईकोर्ट ने कोरोना काल में सामान्य समादेश जारी कर 28 फरवरी तक ध्वस्तीकरण कार्रवाई स्थगित रखने का भी निर्देश दिया है। याची ने 27 दिसंबर 2021 को प्रत्यावेदन दिया था, जिसे सात जनवरी 2022 को निरस्त कर दिया गया है। मगर, इसकी जानकारी याची को नहीं दी गई है। कहा गया कि वह मकान नंबर पर टैक्स जमा कर रहा है।

## प्रोन्नत किए गए बीएड द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थी

**प्रयागराज।** प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) राज्य विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालयों में बीएड द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को बड़ी राहत मिली है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने द्वितीय सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों को तृतीय सेमेस्टर में प्रमोट कर दिया है। कोविड के कारण द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा समय से नहीं हो सकी थी और इसी वजह से पाठ्यक्रम पिछड़ रहा था। अब पाठ्यक्रम समय से पूरा कराया जा सकेगा।राज्य विश्वविद्यालय के तहत प्रयागराज मंडल के चारों जिलों में बीएड द्वितीय सेमेस्टर के 12 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं को अगले सेमेस्टर में प्रमोट किया गया है। कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को प्रथम सेमेस्टर में मिले अंकों के आधार पर प्रमोट किया गया है।प्रथम सेमेस्टर में जितने अंक मिले थे, उतने ही अंक द्वितीय सेमेस्टर में दिए गए हैं। कुलपति ने बताया कि तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं इस वर्ष मई-जून और चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा अक्तूबर-नवंबर में कराई जाएंगी। ऐसे में पाठ्यक्रम समय से पूरा हो जाएगा और विद्यार्थियों को कोई नुकसान नहीं होगा।

### द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा पर भी असमंजस

गौरतलब है कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा के तहत नवंबर-2020 में बीएड में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के पहले सेमेस्टर की परीक्षा कोविड के कारण एक साल बाद 27 एवं 28 नवंबर 2021 में आयोजित की गई थी, जबकि परीक्षा प्रवेश के छह माह बाद ही आयोजित हो जानी चाहिए थी। उस वक्त भी परीक्षा और प्रमोशन को लेकर उहापोह की स्थिति थी। द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा होगी या छात्रों को प्रमोट किया जाएगा, इस पर भी स्थिति स्पष्ट नहीं थी।पाठ्यक्रम नवंबर-2022 तक पूरा होना है। आने वाले दिनों में शिक्षक भर्ती के विज्ञापन जारी होने वाले हैं, जिनमें बीएड की अर्हता मांगी जाती है। अगर पाठ्यक्रम समय से पूरा नहीं होता है तो अभ्यर्थी आवेदन के लिए अर्ह नहीं होंगे और भर्ती में शामिल होने से वंचित रह जाएंगे।द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की थी कि परीक्षा या प्रमोशन, जो भी करना है, उस पर शीघ्र निर्णय लिया जाए। इसके बाद विश्वविद्यालय ने द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को प्रमोट करते हुए उनका परिणाम जारी कर दिया।

## पशु कारोबारियों पर पुलिस मेहरबान

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के इछना गांव में पशु का कारोबार करने वाले दो कारोबारी पर थाना पुलिस मेहरबान है इछना गांव से आए दिन पशुओं को बाहर भेजा जाता है बताया जाता है कि छोटे वाहन के जरिए आधी रात को क्षेत्र में पशु पालक किसानों के पशुओं की चोरी भी कारोबारी द्वारा की जाती है सब कुछ जानते हुए भी स्थानीय पुलिस मूकदर्शक है जिससे पशु के अवैध कारोबार पर रोक लगती नही दिख रही है क्षेत्र में कई बार पशुपालक किसानों के पशुओं की चोरी हो चुकी है बीते दिनों एक पशु को चोरी कर गैंग के सदस्य ले जा रहे थे लेकिन भैंस ने चिल्लाना शुरू कर दिया जिससे ग्रामीण जाग गए और चोरी करने वाले गिरोह को पकड़कर अपनी भैंस वापस ले लिया लेकिन इसके बाद भी गिरोह को पुलिस चिन्हित नहीं कर सकी है सूत्र बताते हैं कि स्थानीय पुलिस भैंस के अवैध कारोबारी से धन वसूली में लिप्त है ग्रामीणों ने पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए पशुओं के अवैध व्यापार में लगे कारोबारी पर कार्यवाही की मांग की है।

# सपा ने थामा भारतीय किसान कल्याण संघ का हाथ

अखंड भारत संदेश

## यूपी में बनेगी सपा सरकार, भाजपा साफ : पवनेश उपाध्याय, भारतीय किसान कल्याण संघ ने किया किसानो से समाजवादी को जिताने की अपील



सपा ने रविवार को करछना में भारतीय किसान कल्याण संघ से मिलाया हाथ

**प्रयागराज।** रविवार को करछना में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कुंवर रेवती रमण सिंह जी ने भारतीय किसान कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवनेश उपाध्याय के साथ मिलाया हाथ और कहा कि हर परिस्थिति में रहेगा हमारा साथ। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवनेश उपाध्याय ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कुंवर रेवती रमण सिंह को विश्वास दिलाया कि पूरी तरह से उनके साथ है और हर संभव मदद करके उन को जिताने का कार्य करेगा। कुंवर रेवती रमण सिंह ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी का समर्थन करने के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि समाजवादी पार्टी हर मोड़ पर किसानों के साथ है और उनके हित में कार्य करेगी। भीरपूर में संघ के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा ने किसान गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें संघ के राष्ट्रीय महासचिव संतोष त्रिपाठी संत जी ने पुर्वांचल के गांधी कुंवर रेवती रमण सिंह जी के साथ संघ की टोपी पहनाकर पूरे प्रदेश में समर्थन की अपील की।और कहा कि समाज वादी पार्टी के घोषणा पत्र में ही किसानो के सभी उद्देश्य को समायोजित किया गया है। संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने आवारा पशु,की समस्या किसानों की बड़ी समस्या बताया। इस बैठक में जिला अध्यक्ष प्रकाश मिश्रा कोरांव, लक्ष्मी शंकर यादव प्रभारी यमुनापार, प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, प्रदेश सचिव अमित द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष जनार्दन सिंह, जिला महासच्चिव विनय सिंह,तहसील अध्यक्ष बीरू सिंह, ब्लाक अध्यक्ष गौरव सिंह, सहित दस हजार कार्यकताओं के साथ समाजवादी का समर्थन किया।

## दलबदलू और दूसरे विधानसभा लोकसभा को छोड़कर आए प्रत्याशियों को जनता ने नकारा : जयहिंद

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के चायल उम्मीदवार जय जवान जय किसान मंच के संयोजक सदैव किसानों के लिए मजदूरों के लिए काम करने वाले किसान का बेटा सुशील जय हिंद ने कहा कि जो लोग पैसे देकर और राजनीतिक पार्टियों को छोड़कर दल बदल कर जनता को लूटने आए हैं जनता को मूर्ख बनाने आए हैं उनके मंसूबे पूरे नहीं होने दिए जाएंगे जो किसानों की बात करेगा मजदूरों की बात करेगा गरीबों की बात करेगा वही उम्मीदवार विजई होकर जाएगा उन्होंने कहा कि आज किसान दुखी है नौजवान दुखी है किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है नौजवान लोग बेरोजगारी के चौराहे पर खड़े होकर आंसू बहा रहे हैं बहुत सारे गरीब लोगों को समय से अनाज नहीं मिल पा रहा है आजादी कितने सालों बाद भी बहुत सारे घरों में अंधेरा है सुशील जय हिंद ने कहा कि हम हर व्यक्ति को स्वास्थ्य शिक्षा न्याय दिलाएंगे हर गरीबों के आंसू पूछेंगे जिनके पास आवाज नहीं होगा उनको आवाज दिलाएंगे मेरी पहली प्राथमिकता होगी दबे कुचले लोगों को न्याय दिलाने की मैं गरीबी के खिलाफ लडूंगा मैं भुखमरी के खिलाफ लडूंगा आप मुझे वोट दें मेरा चुनाव चिन्ह फुटबॉल है।

## श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन सुनाया रालसील का प्रसंग



**प्रतापपुर।** क्षेत्र के बीबीपुर में त्र्यम्बकनाथ बनकटा के यहाँ आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन की कथा प्रारंभ करते हुए कथावाचक महाराज ने भगवान की अनेक लीलाओं में श्रेष्ठतम लीला रास लीला का वर्णन करते हुए बताया कि रास तो जीव का शिव के मिलन की कथा है। यह काम को बढ़ाने की नहीं काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है। इस कथा में कामदेव ने भगवान पर खुले मैदान में अपने पूर्व सामर्थ्य के साथ आक्रमण किया है लेकिन वह भगवान को पराजित नही कर पाया उसे ही परास्त होना पड़ा है रास लीला में जीव का शंका करना या काम को देखना ही पाप है गोपी गीत पर बोलते हुए व्यास ने कहा जब तब जीव में अभिमान आता है भगवान उनसे दूर हो जाता है लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है उसे दर्शन देते है। भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणि के साथ संपन्न हुआ लेकिन रुक्मणि को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। इस कथा में समझाया गया कि रुक्मणि स्वयं साक्षात लक्ष्मी है और वह नारायण से दूर रह ही नही सकती यदि जीव अपने धन अर्थात लक्ष्मी को भगवान के काम में लगाए तो ठीक नही तो फिर वह धन चोरी द्वारा, बीमारी द्वारा या अन्य मार्ग से हरण हो ही जाता है। धन को परमार्थ में लगाना चाहिए और जब कोई लक्ष्मी नारायण को पूजता है या उनकी सेवा करता है तो उन्हें भगवान की कृपा स्वत ही प्राप्त हो जाती है। श्रीकृष्ण भगवान व रुक्मणि के अतिरिक्त अन्य विवाहों का भी वर्णन किया गया।इस मौके पर त्र्यम्बकनाथ बनकटा, जनेश्वर बनकटा, राजीव बनकटा, संजय बनकटा, योगेंद्र बनकटा, प्रमोद यादव, सूर्या यादव, विजय प्रताप, रामलखन, विनोद बिंद सहित सैकड़ो कथा प्रेमी उपस्थित रहे।

# कताई मिल मजदूर संघ के मंत्री ने बंद पड़े मिलों को शुरू करने की लगाई गुहार

अखंड भारत संदेश


मिलो को शुरू करने के लिए चर्चा करते मजदूर संघ के नेता

**मेजा रोड।** शिवशक्ति जन कल्याण सेवा समिति के गठन एवं कार्यालय के उद्घाटन के क्रम में कताई मिल मजदूर संघ के मंत्री रामप्रताप पांडे ने चर्चा करते हुए कहा कि क्षेत्रीय लोगों को रोजगार मिले।उन्हें बाहर न जाना पड़े। इसी उद्देश्य से 1981 में मेजा में कताई मिल की स्थापना पूर्व मुख्यमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह राजा मंडा द्वारा की गई थी, किंतु कुप्रबंधन के कारण इस मिल को तथा प्रदेश की और अन्य सूती मिलों तथा सार्वजनिक सेक्टर की नैनी क्षेत्र में कई विभिन्न मिलों को एक दशक से बंद कर दिया गया है। मिल कर्मचारियों का सरकार की उदासीनता के कारण संपूर्ण देयताएं अभी तक नहीं दी गई है। कर्मचारी नेता अदालत से लेकर शासन तक उद्योगों को चालू करवाने एवं कर्मचारियों की देनदारियों का भुगतान दिलाने हेतु प्रयास में लगे हैं। लेकिन कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु आज तक किसी पार्टी के नेताओं ने ध्यान नहीं दिया। इसी क्रम में वर्तमान में उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव संपन्न होने जा रहा है। सभी पार्टियां जोर-जोर से मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान कराने का प्रयास कर रहे हैं। विकास के नाम पर जनता को लोकलुभावन आश्वासन दिया जा रहा है। किंतु रोजगार के नाम पर युवाओं को किसी भी दल के द्वारा ठोस आधार अपने संकल्प पत्र में नहीं घोषित किया गया है। यहां तक कि प्रदेश में बंद पड़े उद्योगों को पुनर्जीवित करने हेतु संकल्प पत्र में घोषणा नहीं की गई है। जैसे सभी पार्टियों की बंद पड़े उद्योगों से दुश्मनी हो गई है। ऐसा प्रतीत होता है कि सभी पार्टियां युवाओं बेरोजगारों नौजवानों को बेरोजगार ही रखना चाहती है। उन्होंने कहा कि आज मिल के सभी मजदूरों ने मिलकर इस कार्यक्रम में संकल्प लिया कि जब किसी भी दल द्वारा बंद उद्योगों का पुनर्जीवित करने अथवा उद्योगों को बढ़ावा देने की बात ही नहीं की जा रही है तो किसी भी दल को समर्थन देने से क्या फायदा है। श्री पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्रहित में सबका साथ सबका विकास के नारे पर प्रयागराज की सभी सीटों पर विशेष रूप से मेजा विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कराने का संकल्प लिया। क्योंकि भाजपा प्रत्याशी विधायक श्रीमती नीलम करवरिया द्वारा भेजा कताई मिल के कर्मचारियों को वीआरएस सहित बकाया देनदारियों के भुगतान हेतु शासन स्तर पर वार्ता कराने एवं संपूर्ण भुगतान दिलाने हेतु विगत दिनों अमल किया गया था, लेकिन चुनाव की अधिसूचना जारी हो जाने के कारण वार्ता नहीं हो सकी। सूत्रों की मानें तो यदि भाजपा की सरकार रहेगी और श्रीमती नीलम करवरिया मेजा की विधायक रहेगी तो निश्चित ही मेजा कताई मिल के श्रमिकों की समस्याओं का समाधान होगा तथा क्षेत्र के बेरोजगार नौजवानों को रोजगार हेतु मेजा के बंद उद्योगों को पुनर्जीवित कराने एवं नए उद्योग की स्थापना निश्चित रूप से उनके द्वारा प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के जिला प्रचारक राधेश्याम पांडे तथा संचालन मजदूर संघ के मंत्री रामप्रताप पांडे ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से राधेश्याम आदिवासी, अशोक मिश्रा, कृपाशंकर शुक्ला, हरिश्चंद्र हरिजन, जमाल अहमद अंसारी, लाल जी पटेल, शशिकांत यादव, दयाशंकर पांडे सहित विधानसभा से कताई मिल के कर्मचारी एवं भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## बैरहना उपकेंद्र से जुड़े हजारों घरों की फिर ठप हुई बिजली

**प्रयागराज।** बैरहना उपकेंद्र से जुड़े हजारों घरों की बिजली आपूर्ति रविवार सुबह ठप हो गई। बिजली सप्लाई ठप होने के बाद क्षेत्र के सभी नलकूप सुबह से बंद रहे, जिसके कारण उपकेंद्र से जुड़े घरों को पानी भी नहीं मिला। सुबह लगभग साढ़े सात बजे मिंटो पार्क उपकेंद्र से आने वाली 33 केवी की लाइन में फाल्ट होने से सप्लाई ठप हुई। इससे पहले शनिवार शाम पांच बजे भी बैरहना उपकेंद्र अंतर्गत घरों की बिजली सप्लाई तीन घंटे बंद होने से पानी का संकट हुआ था। रामबाग खंड के अधिशासी अभियंता ने बताया मिंटो पार्क उपकेंद्र में मरम्मत का काम चल रहा है। जल्द आपूर्ति बहाल हो जाएगी।

## सूचना

मेरा हाई स्कूल अनुक्रमांक 1194843 वर्ष 2003 अंकपत्र वास्तव में खो गया है।

**मोहम्मद नसीम पुत्र सईद अहमद ग्राम- चक अब्दुल करीम उर्फ पूरे भुलई, बाबूगंज,फूलपुर प्रयागराज।**

# अब जेल में रहना ज्यादा पसंद करते हैं अपराधी : राजनाथ

## पट्टी के कल्हूगंज में आयोजित जनसभा में बोले रक्षा मंत्री

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को अपरान्ह में लगभग दो बजे पट्टी तहसील के कल्हूगंज बाजार में आयोजित एक चुनावी बड़ी सभा में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अब तक के सबसे बेहतर मुख्यमंत्री साबित हुए हैं। उनका बुल्डोजर ऐसा चला कि अब प्रदेश में कट्टाधारियों की संख्या नगण्य हो गई है। अपराधी बाहर रहने के बजाय जेल में रहना ज्यादा पसंद करते हैं।

उन्होंने केन्द्र सरकार की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि कोरोना को नियंत्रित करने में भारत सरकार विश्व में अव्वल रही है। कोरोना को न केवल नियंत्रित किया, बल्कि देश भर में मुफ्त टीका बंटवाया तथा कोरोना काल में बेघर हुए लोगों को महीने में दो बार मुफ्त राशन दिया। प्रधानमंत्री ने गरीबों को पक्की छत, शौचालय, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य सुविधा जैसी कल्याणकारी योजनाएं चलाई जो आज तक कोई प्रधानमंत्री नहीं कर पाया था। उन्होंने कांग्रेस व सपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी सेना के जवानों के पराक्रम पर सवाल उठाते हैं। जबकि हमारी सेना दुश्मनों को समय-समय पर मुंहतोड़ जवाब देती रही है। उन्होंने कहा कि हमारा देश शांति का अनुयायी है लेकिन अगर कोई आंख दिखाएगा तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। इस दौरान उन्होने भारतीय जनता पार्टी पट्टी के प्रत्याशी राजेन्द्र प्रताप सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह, सांसद संगम लाल गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्रा, भाजपा नेता शिवाकांत ओझा, राम शिरोमणि शुक्ला, हरिप्रताप सिंह, पट्टी ब्लाक प्रमुख राकेश सिंह, आसपुर देवसरा ब्लाक प्रमुख कमलाकांत यादव, मीडिया प्रभारी विनोद पांडे, अशोक जयसवाल, नगर अध्यक्ष खेदनलाल जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रामचरित्र वर्मा ने किया।

### भाजपा प्रत्याशी मोती सिंह के समर्थन में मतदान की अपील



कल्हूगंज बाजार में आयोजित जनसभा में बोलते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

### 22 को आएंगे गृह मंत्री अमित शाह

**प्रतापगढ़।** गृहमंत्री अमित शाह 22 फरवरी को प्रतापगढ़ आएंगे। वे रानीगंज विधान सभा के कायस्थ पट्टी में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। वे दिन में ग्यारह बजे पहुंचेगे और भाजपा प्रत्याशी विधायक धीरज ओझा के पक्ष में जनसभा कर वोट मांगेगे। इस दौरान जनसभा को लेकर भाजपाई तैयारियों में जुट गये हैं। यह जानकारी विधायक धीरज ओझा के मीडिया प्रभारी ललित तिवारी ने दी।

# नन्हा मुन्ना राही हूं, मतदान का सिपाही हूं...जय हिंद, जय हिंद

## देशभक्ति के जोशीले गीतों ने जागरूकता रैली में भरा दम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नन्हा मुन्ना राही हूं मतदान का सिपाही हूं... मेरे संग बोलो जय हिंद जय हिंद...। सारे काम छोड़ कर वोट दो, वोट दो...। देश भक्ति और जोश से ओतप्रोत यह नारा रविवार को शहर की गली कूचे में गूंज रहा था। जिसमें शामिल बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के छात्र मतदाताओं को वोट डालने की अपील कर रहे थे।

बीबीएफजी के तत्वावधान में आदर्श नगर से निकली मतदाता जागरूकता बाइक, सायकिल रैली को मेडिकल कालेज मेडिसिन के हेड डॉक्टर मनोज खत्री और एमडीपीजी की एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर किरण मिश्रा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली भंगवा चुंगी, बलीपुर, कचहरी, सब्जी मंडी, बाबागंज, टक्कर गंज, सहोदरपुर, सियाराम कालोनी होते हुये भंगवा गांव में जाकर समाप्त हुई। इस दौरान रैली में शामिल छात्रों और ग्रुप के सहयोगियों ने लोगों से 27 फरवरी को बूथ पर जाकर मतदान करने की अपील की। सतेंद्र गुप्ता, मुन्ना जायसवाल, रमेश नटराज ने जगह जगह रैली का स्वागत किया और मतदान की अपील की। डॉक्टर किरण मिश्रा का नन्हा मुन्ना राही हूं... गीत रैली के उत्साह को बढ़ा रहा था। डॉक्टर खत्री ने कहा कि वोट डालना हमारा अधिकार है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी लोग मतदान जरूर करें। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र मिश्रा ने की। संचालन डॉक्टर अनुराग मिश्रा ने किया। वीके तिवारी ने आभार जताया। कार्यक्रम में अरुण मिश्रा, प्रदीप यादव, शनि सरोज, साहिल, लवकुश, अंश, प्रदीप, हिमांशु, सर्वेश, जयप्रकाश, शुभम, सत्यम समेत काफी संख्या में छात्रों ने भाग लिया।

### गली कूचे तक वोटर तक पहुंची बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप की मतदाता रैली


साइकिल रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते डा0 मनोज खत्री।

# रामपुर खास के विकास को मिलेगी मजबूती के साथ सर्वश्रेष्ठ मंजिल : मोना

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रामपुर खास की कांग्रेस विधायक व सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना ने रविवार को कहा है कि मजबूत ग्रामीण विकास से ही जनता से जुड़ी सुविधाओं को लोगों तक सफलतापूर्वक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि रामपुर खास को कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने पिछले साढ़े चार दशक से चतुर्दिक तथा बहुमुखी विकास के लिए जिस तरह से योजनाबद्ध शुरूआत की, उसे आगे तेजी से बढ़ाना उनका लक्ष्य है। उन्होंनें कहा कि पिछले दो बार के विधायक कार्यकाल मे लोगों के सहयोग और आत्मीयता से ही वह विकसित रामपुर खास बनाने के क्षेत्र मे कारगर कदम उठा सकी हैं। विधायक मोना ने जनता से कहा कि तीसरी बार उन्हें मिलने वाले जनादेश से रामपुर खास को विकास के सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र की मंजिल मिलेगी। विधायक मोना ने क्षेत्र के कामापटटी, कसहा का पुरवा, पुनेहरी, तरैया, उमरिया, उमरपुर, हरिहरपुर व केदौरा मे आयोजित जनसभाओं व जनसंपर्क के जरिए क्षेत्रीय विकास की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इधर सीडब्ल्यूसी मेंबर व पार्टी स्टार प्रचारक प्रमोद तिवारी ने भी विधायक मोना के पक्ष मे रविवार को अमावां, दीवानगंज, सांगीपुर, कुम्भीआइमा, राजापुर, मंगापुर, रेहुआ लालगंज, राहाटीकर, भोजपुर में जनसभाओं के जरिए क्षेत्र के सुदृढ़ विकास को मजबूती दिये जाने का लोगों से आहवान किया।

# जमीनी विवाद में हुई मारपीट की घटना से संबंधित चार अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** थाना क्षेत्र बाघराय के ग्राम कोर्रही में जमीनी विवाद में गांव के ही दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। इस मारपीट में एक व्यक्ति मो0 इसहाक पुत्र स्व0 इमामदीन घायल हो गये थे, जिनका उपचार प्रयागराज में चल रहा है। इस संबंध में वादी की तहरीर पर थाना बाघराय पर मु0अ0सं0 57/2022 धारा 147, 148, 149, 323, 504, 506, 452, 308 भादंवि का अभियोग पंजीकत किया गया है। उक्त अभियोग की विवेचना/कार्यवाही के क्रम में थाना बाघराय के उ0नि0 श्री हरि मोहन राजपूत मय टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर उक्त अभियोग से संबंधित चार अभियुक्तों को थाना क्षेत्र बाघराय के ग्राम कोर्रही से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों में बाबूलाल पाल पुत्र ननकू पाल निवासी सरैया कोर्रही थाना बाघराय, धरमपाल पुत्र ननकू पाल, निवासी सरैया कोर्रही थाना बाघराय, मो0 सद्दाम पुत्र मो0 इलियास निवासी सरैया कोर्रही थाना बाघराय व मो0 तौफीक पुत्र मो0 रसीद निवासी सरैया कोर्रही थाना बाघराय शामिल हैं। पुलिस टीम में उ0नि0 हरि मोहन राजपूत मय टीम थाना बाघराय रही।

### आज रामपुर बावली आएंगे प्रमोद तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस के स्टार प्रचारक व सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी आज सोमवार को दिन मे एक बजे हेलीकॉप्टर से रामपुर बावली आयेगें। प्रमोद तिवारी यहां विधायक आराधना मिश्रा मोना के साथ पार्टी द्वारा आयोजित जनसभा को संबोधित करेगें। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

# कुण्डा व बाबागंज में नहीं हुआ आपेक्षित विकास: विनोद सोनकर

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** कुण्डा व बाबागंज विधानसभा में जिस तरह से मतदाताओं का स्नेह व समर्थन भाजपा को मिल रहा है। इससे स्पष्ट है कि इस बार कुण्डा व बाबागंज में भी कमल खिल रहा है। उक्त बातें भाजपा के राष्ट्रीय सचिव विनोद सोनकर ने कुण्डा विधानसभा के प्रत्याशी सिन्धुजा मिश्रा सेनानी एवं बाबागंज विधानसभा के प्रत्याशी केशव पासी के जनसमर्थन में रोड़ शो के दौरान पत्रकारों के बीच कही।

राष्ट्रीय सचिव विनोद सोनकर ने कहा कि पहली बार कुण्डा एवं बाबागंज में सभी दल के प्रत्याशी खुलकर चुनाव प्रचार कर रहे है। इसके पूर्व के चुनाव में प्रत्याशी चुनाव प्रचार नही कर पाते थे। योगी आदित्यनाथ की सरकार में कुण्डा व बाबागंज में लोकतंत्र दिख रहा है। मतदाताओं के चेहरे में खुशी देखने को मिल रही है। पिछले 25 सालों से अधिक समय तक यहां के विधायक मंत्री रहे। यही नहीं ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत, विधान परिषद एवं सांसद तक इनके लोग बने। फिर भी कुण्डा व बाबागंज विकास से कोसो दूर रहा। 2014 के लोकसभा चुनाव में यहां सड़कों के नाम पर सिर्फ सड़को में बड़े बड़े गड्ढे ही थे। गांवो में प्रकाश की व्यवस्था नही थे। मैंने कुण्डा व बाबागंज में सड़क बिजली व पानी की अच्छी व्यवस्था दी। फिर भी कुछ लोग हैं जो विकास कार्य नही कर पाए। बिहार बाजार से शुरू हुआ रोड़ शो अन्नावा, हीरागंज, महेशगंज, राजापुर, शुकुलपुर, डेरवा, जेठवारा, बाघराय, बदली का पुरवा, छेऊंगा, शकरदहा मोड़, सुनियाँवा तक सांसद विनोद सोनकर ने रोड़ शो कर जनसमर्थन मांगा। कार्यक्रम में बाबागंज विधानसभा के प्रत्याशी केशव पासी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमलेश सोनकर, सांसद कौशाम्बी के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, पूर्व प्रत्याशी त्रिभुवन नाथ मिश्र टण्डन, डॉ0 रमा शंकर सरोज, छेदी राम सरोज, उदय शंकर पाण्डेय, अमर जीत सिंह, उदय शंकर मिश्र, भूपेन्द्र तिवारी, मोहित मिश्र, राम मनोहर मौर्य समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय सचिव ने भाजपा प्रत्याशी के लिये बिहार से डेरवा तक किया रोड शो


बाजार में रोड शो करते सांसद विनोद सोनकर।

### जांच के दौरान 161800 रुपए कोषागाहर में हुए जमा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण, निर्विघ्न, पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उदेदश्य से जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 नितिन बंसल द्वारा दिये गये कड़े निर्देश के क्रम में आज विधानसभा क्षेत्र रामपुरखास में उड़नदस्ता द्वितीय के मजिस्टेªट इन्द्र प्रताप सिंह द्वारा रामपुर कसिहा नाला लालगंज के पास वाहन जांच के दौरान सोनू केसरवानी निवासी कुण्डा के पास से 161800 रुपए बरामद किये गये। सोनू केसरवानी के पास कोई कागजात न होने व चुनाव में दुरूप्रयोग के दृष्टिगत उसे जब्त कर सम्बन्धित मजिस्टेªट द्वारा कोषागार कार्यालय के डबल लॉक में जमा करा दिया गया। जिलाधिकारी ने समस्त उड़नदस्ता टीमों को निर्देशित किया है कि विधानसभावार क्षेत्रों में वाहनों के चेकिंग बहुत ही गम्भीरता के साथ की जाये जिससे निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराया जा सके।

# प्रशिक्षण स्थल, फैसिलिटेशन सेन्टर व महुली मण्डी का डीएम ने किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण, पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 नितिन बंसल ने संत एन्थोनी इण्टर कालेज में बनाये गये मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल एवं मतदान हेतु बनाये गये फैसिलिटेशन सेन्टर का निरीक्षण किया।

संत एन्थोनी इण्टर कालेज में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान कार्मिकों से जिलाधिकारी ने दिये गये प्रशिक्षण के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया सकुशल सम्पन्न कराने हेतु प्रशिक्षण की जानकारी विधिवत प्राप्त करें और यदि कहीं भी कोई समस्या आ रही है तो मास्टर ट्रेनर से उसके सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करें, मन में किसी भी प्रकार की शंका न रखें, उसका त्वरित समाधान करायें। प्रशिक्षण के दौरान 72 मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहे जिनमें पीठासीन अधिकारी 11, मतदान अधिकारी प्रथम 09, द्वितीय 32 व तृतीय 20 सम्मिलित है।

जिलाधिकारी ने फैसिलिटेशन सेन्टर पर मतदान कार्मिकों द्वारा किये जा रहे मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया और कहा कि सावधानी पूर्वक सभी मतदान कार्मिक अपना मतदान करें, किसी भी प्रकार की जल्द बाजी न करें, पंक्तिबद्ध रूप से सभी कार्मिक अपने मताधिकार का प्रयोग करें। फैसिलिटेशन सेन्टर पर मतदान कार्मिकों द्वारा पोस्टल बैलेट के माध्यम से आज कुल 1221 वोट पड़े जिनमें विधानसभा रामपुरखास 134, बाबागंज 144, कुण्डा 46, विश्वनाथगंज 213, प्रतापगढ़ 247, पट्टी 289 व रानीगंज 148 मतदान सम्मिलित है। पोस्टर बैलेट के माध्यम से मतदान कार्मिकों द्वारा फैसिलिटेशन सेन्टर पर अब तक 5923 वोड डाले गये। मतदान का समय पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक निर्धारित था। सिविल पुलिस/होमगार्ड के कार्मिकों द्वारा दिनांक 21 फरवरी को सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज परिसर में बने विधानसभावार फैसिलिटेशन सेन्टर में पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने महुली मण्डी में निर्वाचन अधिकारी द्वारा विधानसभावार करायी जा रही ईवीएम सेटिंग का निरीक्षण किया एवं निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल सम्पादित कराने हेतु निर्देशित किया।

### फैसिलिटेशन सेन्टर पर 1221 मतदान कार्मिकों ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से किया मतदान


प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल।

# सद्भावना दिवस समारोह के रूप में मनी अरुण पाण्डेय की पुण्यतिथि

## शिक्षा, साहित्य, चिकित्सा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों का हुआ अभिनन्दन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राजर्षि टण्डन इंटर कॉलेज रामनगर अठगवां के अध्यक्ष व पत्रकार स्व. अरुण कुमार पाण्डेय के छठवें पुण्यस्मृति दिवस पर अरुण ज्ञान कुंज भदरी हाउस में सद्भावना दिवस समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें स्व. पाण्डेय जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा करने के साथ ही उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 11 विभूतियों का सम्मान अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह व सम्मान पत्र भेंट कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व खण्ड विकास अधिकारी पं. शिवमूर्ति त्रिपाठी व संचालन अनूप अनुपम ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत डॉ. अनूप कुमार पाण्डेय ने किया। प्रधानाचार्य डॉ. अमित पाण्डेय के संयोजन में हुए सद्भावना दिवस समारोह की शुरूआत अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती तथा स्व. अरुण कुमार पाण्डेय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण के साथ हुई, ततपश्चात वरिष्ठ कवयित्री मीरा तिवारी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अपर्णा पाण्डेय व आयुषी पाण्डेय ने अतिथियों के प्रति स्वागत गीत प्रस्तुत किया। सद्भावना दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए पत्रकार श्याम लाल मिश्र ने कहा कि समाज के लोग आज भी जब इस लोकतांत्रिक व्यवस्था से तंग आते हैं तो आखिरी पायदान पर वे मीडिया से अपेक्षा करते हैं कि मीडिया उनकी उनकी आवाज बनें। प्रबन्धक अनिल प्रताप त्रिपाठी ने बड़े भाई स्व. पाण्डेय ने विपरीत परिस्थितियों में भी सभी चुनौतियों का डटकर सफलतापूर्वक सामना किया। इस दौरान उपजा के प्रदेश संगठन मंत्री संतोष भगवन, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा ओम प्रकाश त्रिपाठी ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 11 विभूतियों का सम्मान डॉ. अनूप कुमार पाण्डेय व उपस्थित अतिथियों ने सम्मान पत्र, अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह आदि भेंटकर किया। सम्मानित होने वालों में पत्रकारिता के क्षेत्र से श्याम लाल मिश्र, कृष्णानन्द त्रिपाठी, गिरीश त्रिपाठी, राजेश कुमार शुक्ल, साहित्य के क्षेत्र से अनूप अनुपम, प्रीति अनिल पाण्डेय, डॉ. शाहिदा, स्व. चंद्रेश बहादुर सिंह श्पागलश शिक्षा के क्षेत्र से आर. एन. पाल, समाजसेवा के क्षेत्र से गीता मिश्रा व चिकित्सा के क्षेत्र से डा. इसरार अहमद शामिल रहे। कार्यक्रम को सुनील प्रभाकर, विजय प्रताप त्रिपाठी, गोविंद प्रसाद खंडेलवाल, डॉ. संगम लाल त्रिपाठी भँवर, इं विशालनाथ त्रिपाठी, आर. बी. सिंह, सुरेश त्रिपाठी, राधेकृष्ण त्रिपाठी, प्रदीप कुमार शुक्ल आदि ने स्व. पाण्डेय जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्य रूप से वरिष्ठ पत्रकार राज नारायण शुक्ल राजन, गिरजेश तिवारी, शैलेन्द्र मिश्र, मनोज तिवारी, राजेन्द्र पाण्डेय, डॉ. शिवानी मातनहेलिया, अखिल नारायण सिंह, बृजेश त्रिपाठी, चिंतामणि पाण्डेय, श्याम शंकर द्विवेदी, डॉ. एस. पी. त्रिपाठी, डॉ. गौरव पाण्डेय, अरुण प्रताप त्रिपाठी, अरविंद कुमार पाण्डेय, देवराज सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में संयोजक व उपजा महामंत्री डॉ. अमित पाण्डेय ने आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।


स्व0 अरुण कुमार पाण्डेय के चित्र पर माल्यार्पण करते शिवमूर्ति त्रिपाठी।

# महिला कांस्टेबल की हत्या में प्रतापगढ़ के तहसीलदार गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** लखनऊ में शनिवार को नाले में एक महिला कांस्टेबल रुचि सिंह की लाश मिली थी। महिला की मौत का कनेक्शन प्रतापगढ़ से निकल कर सामने आया है। मामले में लखनऊ पुलिस ने प्रतापगढ़ के तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव को हिरासत में लिया है।

पुलिस की जांच में प्रतापगढ़ के तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव का नाम सामने आया था। पुलिस का कहना है कि दोनों का 5 साल से अफेयर चल रहा था। जबकि पता चला है कि महिला कांस्टेबल ने तहसीलदार से शादी का प्रस्ताव रखा तो शादी शुदा तहसीलदार ने उसकी हत्या की साजिश रची। कुछ अहम सबूत मिलने के बाद पुलिस ने रानीगंज स्थित ट्रांजिट हॉस्टल में छापेमारी की। वहां तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव और उसकी पत्नी को हिरासत में लेकर अपने साथ लखनऊ ले आई। इस मामले में सीओ सिटी अभय पांडेय ने बताया कि पीजीआई पुलिस रविवार की सुबह छह बजे प्रतापगढ़ आई थी। वहीं से दोनों को साथ लाया गया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही सच सबके सामने होगा। तहसीलदार की पत्नी को दोनों के अफेयर के बारे में पता था। कहा जा रहा है कि उसका महिला की मौत के पीछे हाथ हो सकता है। पद्मेश की दो बेटियां भी हैं। बता दें कि तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव प्रतापगढ़ में तीन साल से तैनात हैं। आरोपी प्रयागराज का रहने वाला है। पहले आरोपी पद्मेश लालगंज में तैनात था। करीब 4 महीने पहले उसको रानीगंज भेज दिया गया था। तब से वो यहीं पर तैनात है। पद्मेश और रुचि सिंह की मुलाकात फेसबुक पर हुई थी। वहीं से दोनों के बीच करीबी बढ़ी थी। बता दें कि लखनऊ पुलिस मुख्यालय में तैनात महिला कांस्टेबल रुचि सिंह चैहान 13 फरवरी से ड्यूटी पर नहीं पहुंची। सात दिनों बाद पुलिस मुख्यालय में तैनात अनुभाग अधिकारी ने सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने शनिवार को गुमशुदगी दर्ज कर मामलें की जांच पड़ताल शुरू की, तो पता चला कि बीते 17 फरवरी को पीजीआई पुलिस ने महिला की लाश नाले से बरामद की थी।

### महिला सिपाही से पांच साल से थे तहसीलदार के सम्बन्ध

### आरोपी के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रंजिशन मारपीट को लेकर केस दर्ज किया है। कोतवाली के बेलखरियन का पुरवा सगरा सुंदरपुर निवासी कालीदीन के पुत्र राजकुमार शर्मा ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती सत्रह फरवरी को गांव के बृजलाल के पुत्र अरविंद शर्मा ने रंजिशन उसे लाठी डंडे से मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपी ने गाली देते हुए पीडित को जानलेवा धमकी दी।

### संदिग्ध परिस्थितियो में घर मे लगी आग गृहस्थी जलकर खाक

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के मुरस्सापुर के अहमदगंज गाव में बीती रात को संदिग्ध परिस्थितियों में घर मे आग लगने से सब कुछ जलकर खाक हो गया। बताया जाता है थाना क्षेत्र के उक्त गाव निवासी संतोष यादव पुत्र छोटेलाल यादव के कच्चे बने घर मे शनिवार की बीती रात खपरैल में संदिग्ध अवस्था मे आग लगने से परिजनों में हड़कम्प मच गया आग लगने की भनक मिलते ही परिजनों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। जब तक ग्रामीण लोग आग पर काबू पाते तब तक घर की गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया।

# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### ओसा से टेवा मार्ग पर 23 फरवरी को बन्द रहेगा आवागमन

**कौशाम्बी।** प्रधानमंत्री भारत सरकार के 23 फरवरी 2022 को जनपद कौशाम्बी आगमन के दृष्टिगत ओसा से टेवा मार्ग पर आवागमन 23 फरवरी 2022 को रात्रि समय 01.00 बजे से बाधित रहेगा। ओसा से टेवा मार्ग का आवागमन करारी होते हुये पश्चिम शरीरा से किया जायेगा।

### एटीएम कार्ड के साथ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त हिमांशू तिवारी पुत्र स्व० राकेश तिवारी निवासी नरायणपुर थाना थरवई जनपद प्रयागराज को चोरी के 24 अदद एटीएम0 कार्ड बरामद कर गिरफ्तार कर गिरफ्तारो व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मझनपुर पर आईटी0 एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### शराब के साथ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा अभियुक्त विनोद उर्फ बंटी कुशवाहा पुत्र स्व० मोती सागर निवासी सिंधिया थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

# अनियंत्रित बोलेरो चालक ने मासूम को कुचला हुई दर्दनाक मौत

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत अझुवा वार्ड नं 3 में सांखा मार्ग पर बोलेरे चालक ने सड़क के बगल खड़ी मासूम को कुचल दिया है जिससे मासूम की दर्दनाक मौत हो गयी है। जानकारी के मुताबिक विनोद मौर्य वार्ड नं 3 शांति नगर अझुवा के मूल निवासी हैं आज उनकी मासूम पुत्री शिवानी उम्र लगभग 6 वर्ष घर के पास खेल रही थी पास के सड़क मार्ग पर दुकान से कुछ सामान लेकर वह घर वापस जा रही थी अचानक सांखा मार्ग जाने वाले एक तेजगति अनियंत्रित बोलेरो वाहन चालक ने मासूम को कुचल दिया मासूम के सिर पर अगला और पिछला दोनों पहिया चढ़ गए जिससे मासूम गम्भीर घायल हो गयी सूचना पर परिजन रोते बिलखते मासूम को स्थानीय अस्पताल में दिखाया जहां से डॉक्टरों ने सिराथू अस्पताल को रिफर किया किंतु रास्ते मे ही मासूम की मौत हो गयी मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया सूचना पर अझुवा चौकी पुलिस ने मय चालक वाहन हिरासत में लेकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजकर कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

**अझुवा चौकी पुलिस ने मय चालक वाहन हिरासत में लेकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया**



मासूम की मौत पर रोते बिलखते परिजन

## डंपर ने स्कूटी सवार को कुचला मौत

**कौशाम्बी।** समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के अध्यक्ष अजीत सिंह यादव के पिता को डंपर ने कुचल दिया जिससे उनकी मौत हो गई है हादसे की जानकारी मिलते ही अधिवक्ताओ में शोक की लहर है पूरामुफ्ती के कृष्णा मंदिर के समीप शनिवार शाम डंपर ने स्कूटी सवार को कुचल दिया। हादसे में अस्पताल ले जाते समय घायल की मौत हो गई। हादसे से परिजनों में हाहाकार मचा हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चरवा थाना के मोहिउद्दीनपुर रतगहा निवासी सबल सिंह यादव (65) शनिवार को अपनी स्कूटी से प्रयागराज की ओर जा रहे थे। शाम को वह जैसे ही केंद्रीय विद्यालय मनौरी के पास पहुंचे। डंपर ने उनको कुचल दिया। हादसे में सबल सिंह को गंभीर चोटें आई। वहां पर मौजूद लोग पहुंचे।आनन-फानन में घायल को लेकर लोग अस्पताल ले गए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इससे परिजनों में हाहाकार मच गया। हादसे के बाद पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## अनियंत्रित चालक ने वृद्ध महिला को रौंदा मौत

**आक्रोशित ग्रामीणों ने हत्या का आरोप लगा कर किया चक्काजाम, भारी पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारी, घटनास्थल पर पहुंचे तमाम राजनीतिक दल के नेता**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के चक गांव में घर के बाहर खड़ी एक वृद्ध महिला को अनियंत्रित स्कॉर्पियो चालक ने रौंद दिया है जिससे घटनास्थल पर वृद्ध महिला की मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई है और ग्रामीणों ने चक्का जाम कर आंदोलन शुरू कर दिया है जैसे ही आंदोलन की जानकारी पुलिस अधिकारियों को लगी पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक कई थाने के सशस्त्र पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे हैं जानकारी मिलते ही जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रति पूर्व ब्लाक प्रमुख जितेंद्र सोनकर भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं कड़ी मशक्कत और पुलिस अधिकारियों के समझाने आश्वासन देने के बाद ग्रामीणों ने मृत वृद्ध महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए जाने दिया है हादसे के बाद चालक घटनास्थल से वाहन छोड़कर फरार हो गया है पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है। घटनाक्रम के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के चक गांव निवासी वृद्ध महिला मनिया देवी उम्र लगभग 70 वर्ष पत्नी मक्खन लाल सोनकर अपने घर के बाहर रविवार को शाम लगभग 7:00 बजे खड़ी थी इसी बीच स्कॉर्पियो चालक राजू पुत्र शहीद शिकवा निवासी चक ने पहले वृद्ध महिला को सामने से टक्कर मार दिया जिससे महिला गिर गयी और बाद में गाड़ी को पीछे कर वृद्ध महिला के ऊपर स्कॉर्पियो वाहन चढ़ा दिया महिला के शरीर पर स्कॉर्पियो वाहन के दोनों पहिया चढ़ जाने से घटनास्थल पर उसकी मौत हो गई ग्रामीणों का कहना है कि वाहन चालक ने महिला की जानबूझकर हत्या की है यह दुर्घटना नहीं है महिला की मौत की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ लग गई और हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर आंदोलन शुरू कर दिया हादसे के बाद मौत से आक्रोशित ग्रामीणों के आंदोलन की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक कई थाने की सशस्त्र पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे हैं जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर जिला पंचायत अध्यक्ष के पति पूर्व ब्लाक प्रमुख जितेंद्र सुनकर भी पहुंच गए हैं ग्रामीण मुआवजा दिए जाने की मांग कर रहे थे अधिकारियों के समझाने के बाद ग्रामीण माने हैं और पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वाहन चालक मौके से फरार बताया जाता है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है मृतक के 5 बेटी और 1 बेटा हैं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# जनसत्ता दल प्रत्याशी के समर्थन में सैकड़ो बाइक के साथ किया रोड शो

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** जनसत्ता दल चायल प्रत्याशी अनिल केसरवानी के समर्थन में नगर पालिका परिषद भरवारी के मेहता रोड सुनील कुमार अमित कुमार मां अंबे फर्नीचर मार्ट के यहां से सैकड़ो बाइक के साथ रोड शो का आयोजन किया गया जनसत्ता दल प्रत्याशी अनिल केशवानी के समर्थन में प्रचार प्रसार में महिलाओं की भी अलग अलग टोलियों ने भी बढ़ चढ़कर प्रचार किया बाइक शो के दौरान राजा भैया जिंदाबाद अनिल केसरवानी जिंदाबाद के नारे लगाए गए

आपको बता दे कि कस्बा भरवारी के राजू सक्सेना के नेतृत्व में सैकड़ो बाइक में सवार जनसत्ता दल पार्टी के समर्थकों ने बाइक जुलूस के माध्यम से दर्जनों गांवों का दौरा कर जनसत्ता दल प्रत्याशी अनिल केशवानी के समर्थन में रोड शो के माध्यम से प्रचार प्रसार किया इस मौके पर राकेश अरोड़ा लाला बतासा मुन्ना लाल श्री किशन केशरवानी संजय गुप्ता बब्बू अग्रवल मिंटू सरिया वाले अनमोल केशरवानी जयसिंह यादव सक्षम सक्सेना राजेश सीमेंट शशांक केशरवानी बीरेंद्र केशरवानी शिव केशरवानी सुशील आस्था अमित कुमार सुनील कुमार तथा महिलाओं में नीलू केशरवानी सुनीता देवी अनिता देवी शिवकली शिवकुमारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

**महिलाओं की टोली ने किया जनसत्ता दल का डोर टू डोर प्रचार**



जनसत्ता दल के समर्थन में बाइक जुलूस निकालते कार्यकर्ता

## महामाया महाविद्यालय में पांच दिवसीय शिविर का आयोजन

**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को महाविद्यालय की रोवर/रेंजर इकाई का प्रवेश एवम निपुण पीका पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आरम्भ किया गया।प्रशिक्षण शिविर के आरम्भ की घोषणा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय कुमार सिंह के द्वारा की गई ।प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि रोवर/रेंजर प्रशिक्षुओं को रोवर//रेंजर के महत्व को बताते हुए कहा कि स्काउट/गाइड का मुख्य उद्देश्य देश सेवा एवम कर्तव्य निष्ठा है यह जीवन को अनुशासित बनाता है।शिविर के प्रथम दिन प्रशिक्षुओं को ध्वज शिष्टाचार ,प्रार्थना,झंडा गीत ,वर्दी की जानकारी,टोली के नियम पेट्रोलिंग,इत्यादि के विषय में प्रशिक्षण दिया गया।शिविर का आयोजन रेंजर प्रभारी रीता दयाल के द्वारा किया गया शिविर का संचालन जिला स्काउट संगठन कमिश्नर श्यामबाबू और बंदना कुशवाहा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ नीलम बाजपेई,डॉ भावना केशरवानी, डॉ अमित शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# अपना दल प्रत्याशी कार्यालय में भाजपा कार्यकताओं की नहीं है अहमियत

**चुनाव प्रचार के दौरान बार-बार बार-बार अपमानित होने से भाजपा पदाधिकारियों ने अपना दल से किया किनारा समाजवादी पार्टी छोड़कर अपना दल में शामिल हुए नागेंद्र प्रताप सिंह पटेल की समाजवादी के प्रति अभी है गहरी निष्ठा**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** विधानसभा चुनाव 2022 में चायल विधानसभा सीट को अपना दल अनुप्रिया पटेल गुट में दे कर के भाजपा ने अपने पैर में कुल्हाड़ी मार ली है यदि भाजपा प्रत्याशी को टिकट दिया जाता तो इस सीट पर भाजपा की जीत सुनिश्चित थी लेकिन अपना दल अनुप्रिया पटेल के खाते में चायल विधानसभा सीट जाने के बाद विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान ही गठबंधन में फूट पड़ती दिख रही है जिसका खामियाजा विधानसभा चुनाव में भाजपा अपना दल गठबंधन प्रत्याशी को भारी कीमत देकर चुकानी पड़ेगी। अपना दल अनुप्रिया पटेल गुट ने नागेंद्र प्रताप सिंह पटेल को चायल विधानसभा से प्रत्याशी घोषित किया है लेकिन नागेंद्र प्रताप सिंह पटेल समाजवादी पार्टी छोड़कर अपना दल में शामिल हुए हैं जिससे समाजवादी पार्टी और उनके नेताओं के प्रति उनकी अभी गहरी निष्ठा है और वह सपा प्रेम नहीं छोड़ पा रहे हैं सपा प्रेम के चलते नागेंद्र प्रताप सिंह पटेल के कार्यालय में उथल-पुथल मची हुई है अपना दल कार्यकताओं पदाधिकारियों को कुछ तवज्जो दिया जा रहा है लेकिन भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं पदाधिकारियों को तनिक भी तवज्जो ना दिए जाने से भाजपा खेमे में बड़ा आक्रोश है और इसी आक्रोश के चलते भारतीय जनता पार्टी नेवादा मंडल के उपाध्यक्ष कमलेश सिंह ने विधानसभा चुनाव से अपने को किनारा करते हुए कहा है कि वह भाजपा के लिए मेहनत और सहयोग करेंगे लेकिन अपना दल अनुप्रिया पटेल गुट के प्रत्याशी द्वारा बार-बार भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं को अहमियत नहीं दी जा रही है जिस पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं से निवेदन किया कि अपनी इज्जत अपने हाथ में है महीने से लगातार अपनी दुकान बंद करके एक महीना मेहनत करने के बाद जब हमारी कोई इज्जत कोई अहमियत नहीं रक्खी गयी है तो जितने भी बीजेपी नेवादा मंडल कार्यकर्ता है उनकी क्या इज्जत रखी जाएगी अपना दल के आगे किसी की कोई सुनवाई नहीं है उन्होंने कहा कि आज से अपना दल के लिए काम नहीं करूंगा सिर्फ भारतीय जनता पार्टी के लिए काम करूंगा इसके पहले ही वैश्य समुदाय ने अपना दल प्रत्याशी नागेंद्र प्रताप सिंह पटेल से किनारा कर लिया था और जनसत्ता दल के प्रत्याशी अनिल केसरवानी का समर्थन कर दिया है अपना दल प्रत्याशी के इस कारनामे से भारतीय जनता पार्टी अपना दल एस गठबंधन को चायल विधानसभा से जमानत बचानी मुश्किल दिख रही है।

# कांग्रेस सांपनाथ तो भाजपा नागनाथ : इंद्रजीत सरोज

**सपा प्रत्याशी इंद्रजीत सरोज ने कहा कि कोरोना काल मे पैदल चल कर व अस्पतालों में ऑक्सीजन की कमी से लाखो लोग मर गए, भाजपा सरकार की लापरवाही के चलते लाखो लोगो की नौकरियां चली गयी**



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी कद्दावर नेता इंद्रजीत सरोज ने मंझनपुर कस्बे में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सांपनाथ है तो भाजपा नागनाथ की भूमिका निभा रही है उन्होंने कहा कि कोविड 19 महामारी के दौरान लाखों मजदूर पैदल चलने के चलते मौत के मुंह में चले गए हैं लाखों लोगों की नौकरियां चली गई है लेकिन भाजपा सरकार ने गरीब जनता के समस्या को नहीं देखा यदि सरकार वाहन चला देती तो लाखो निर्दोष लोगों की मौत ना होती। उपस्थित भीड़ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महगाई चरम पर है गैस का सिलेंडर सहित पेट्रोल 110 डीजल 100 चुनाव न आता तो 12 रुपया न घटता आज वोट लेने के लिये भाजपा की केंद्र प्रदेश सरकार गांव की गरीब जनता को नकली नमक खिला रही है उसमें शीसा मिला है उन्होंने कहा कि तेल नकली है अगर खाओगे तो दिल धड़कना बंद हो जाएगासपा प्रत्याशी इंद्रजीत सरोज ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सांड बहुत है सांड से किसी की मौत होने पर अगर हमारी सरकार बनी 5 लाख मुवावजा दिया जाएगा भीड़ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम गाँव से खदेड़े जा रहे है अपनी सरकार की योजनाओं के बारे में बोलते हुए किसानों की विजली मुफ्त समाजवादी पेंसन सहित तमाम योजनाओ का गुणगान करते हुए भजपा की जमानत जब्त करने के लिए साइकिल के बटन दबाने कि उन्होंने जनता से अपील की है उन्होंने कहा कि यहाँ विकास जो हुआ है हमने किया है अस्पताल मंडी न्यायालय स्कूल कालेज सब हमने बनाया इसलिये कौशाम्बी से सपा के प्रत्यासियो को जिताने का काम करे वही पल्लवी पटेल के नाम की जब से चुनाव की घोषणा हुई है आप को अहसास हो गया होगा विरोधियों के पसीने छूट रहे है। और पूरे विधानसभा में जिस गाँव जाते है खदेड़ा हो रहा है।सभा मे कैलाश चंद्र केशरवानी, मीनू, बेद पाल, राजकरन लोधी, सहित कई सपाई नेता मौजूद रहे।

# कार्यकर्ता मतदाताओं के बीच जो वादा करेंगे मैं करूंगा पूरा : डिप्टी सीएम

**कल्यानपुर में त्रिदेव संगम कार्यक्रम के आयोजन में योगी मोदी सरकार की उपलब्धियों को डिप्टी सीएम ने बताया**



उपस्थित भीड़ को सम्बोधित करते डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य

अखंड भारत संदेश

**कल्यानपुर कौशाम्बी।** विधानसभा चुनाव के मतदान की जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है चुनाव सर गर्मी बढ़ती जा रही है गांव गांव नुक्कड़ सभा कर सरकार के कार्यों की उपलब्धियों को आम जनता के बीच बताने राष्ट्रीय प्रदेशिक नेता के साथ-साथ स्थानीय नेताओं का समूह और प्रत्याशी पहुंच रहे हैं सिराथू विधानसभा क्षेत्र के यूपी कॉन्वेंट एवं इंटर कॉलेज कल्यानपुर बाजार में भाजपा कशिया मंडल की ओर से चुनावी सभा का आयोजन किया गया डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने त्रिदेव संगम के माध्यम से चुनावी सभा में उपस्थित भीड़ को संबोधित करते हुए सिराथू विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी कौशांबी के लाल केशव प्रसाद मौर्य के पक्ष में कमल के फूल पर मतदान करने की अपील की है। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनहितकारी योजनाओं का संचालन करने में गरीब कमजोर मजलूम किसान व्यापारियों आम जनता के हितों को ध्यान रखा है।

उन्होंने कहा कि आम जनता को आवास निर्माण शौचालय निर्माण राशन सहित तमाम योजनाओं का लाभ भाजपा सरकार ने पहुंचाया है डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कार्यकताओं से कहा कि एक एक कार्यकर्ता जो भी वादा मतदाताओं के बीच में करेंगे वह मैं सब पूरा करने में कोई कोर कसर नही छोड़ूंगा उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि सिराथू मेरी कर्मभूमि जन्मभूमि है सिराथू की जनता के लिए में डिप्टी सीएम नहीं उनका बेटा हूं और हमेशा जनता के हित में कार्य करता रहूंगा इस दौरान क्षेत्र के तमाम पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता आम जनमानस मौजूद रहे।

## महिलाओं की टोली के साथ डिप्टी सीएम की पत्नी कर रही चुनाव प्रचार



**अझुवा कौशाम्बी।** सिराथू विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए पार्टी कार्यकताओं पदाधिकारियों के साथ साथ महिलाओं ने हुंकार भरी है महिलाओं का कहना है कि केशव भैया अबकी बार भारी बहुमत से जीत दर्ज करेंगे प्रतिदिन सुबह डिप्टी सीएम की पत्नी राजकुमारी महिलाओं की टीम लेकर गांव-गांव घूमकर योगी मोदी सरकार द्वारा आम जनता के हित में संचालित की गई योजनाओं का बखान कर रही हैं गांव गांव महिलाओं के प्रचार के दौरान भाजपा के प्रचारकों को आम जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है शुक्रवार को महिला टीम के सदस्यों ने सिराथू विधानसभा क्षेत्र के बरीपुर रामसहाय पुर इटैली पुर राजा तारा आईमा पुर समदा पर गड़रियन का पुरवा संविदा पर गडरिया का पुरवा आदि गांव में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के समर्थन में मतदाता से मुलाकात की और मतदाताओं से विधानसभा चुनाव में केशव प्रसाद मौर्य के समर्थन में मतदान करने की अपील की महिला टीम का नेतृत्व डिप्टी सीएम की पत्नी श्रीमती राजकुमारी देवी ने किया प्रचार के दौरान दर्जनों महिलाएं मौजूद रहीं।

# नेताओं के शरण में पहुंचे विवाहिता के हत्यारे पुलिस बेबस...

**विवाहिता के हत्यारों कि नहीं हो रही गिरफ्तारी 22 दिन पहले हत्या का मुकदमा दर्ज होने के बाद खुलेआम घूम रहे आरोपी**

**कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के ख्वाचकी मई गांव में 22 दिन पहले विवाहिता चित्रा देवी उर्फ मोहिनी का गला घोट कर हत्या कर दी गई घटना को 22 दिन गुजर जाने के बाद भी पुलिस आरोपियों को नहीं गिरफ्तार कर रही विवाहिता की हत्यारे नेताओं के शरण में पहुंच गए हैं और विधानसभा चुनाव के चलते नेताओं ने उन्हें बचाने का ठेका ले लिया है जिससे पुलिस बेबस दिखाई पड़ रही है नामजद मुकदमा दर्ज होने के बाद विवाहिता के हत्यारे खुलेआम घूम रहे हैं मृतक विवाहिता चित्रा के पिता चंद्रिका प्रसाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय और कोतवाली कार्यालय का चक्कर काट रहे है उसके बाद भी विवाहिता के हत्यारों की गिरफ्तारी करने का साहस पुलिस नहीं कर रही है चित्रा के पिता चंद्रिका प्रसाद ने 16 फरवरी को एसपी कार्यालय जाकर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर विवाहिता के हत्यारों की गिरफ्तारी की याद फिर ताजा कराई है नआरोपियों को पुलिस क्यों बचाने में जुटी है यह जन जन की जुबान में है एडिशनल एसपी ने भी सिर्फ आश्वासन दिया कि आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा लेकिन इसी तरह रहा तो पुलिस प्रशासन पर से गरीब परिवार को न्याय न मिलने का भरोसा ही खत्म हो जाएगा। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के उखैयाखास गांव की चित्रा देवी उर्फ मोहनी पुत्री चंद्रिका प्रसाद की शादी ख्वाचकी मई गांव मे जितेंद्र कुमार मौर्या के साथ हुई थी दहेज की डिमांड ना पूरी होने पर चित्रा देवी उर्फ मोहिनी को ससुराली जनों ने गला घोट कर मार दिया जिसमें सैनी कोतवाली पुलिस ने छह लोगों पर मुकदमा दर्ज किया अभी तक आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं यह सवाल पुलिस प्रशासन पर सबसे बड़ा सवाल है कि आरोपियों की गिरफ्तारी क्यों नहीं हो रही पुलिस किसके डर से आरोपियों को गिरफ्तार करने से डगमगा रही है यह सबसे बड़ा सवाल पुलिस प्रशासन पर है।

# ...तो फिर खून की प्यासी सपा प्रत्याशी डॉ पल्लवी पटेल

**चुनावी सभा के दौरान सपा प्रत्याशी डॉ पल्लवी पटेल ने कहा कि अपना खून बहा सकती हूं और सामने वाले की गर्दन भी काट सकती हूं**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** विधानसभा चुनाव 2022 में सिराथू विधानसभा से अपना दल कमेरा वादी पार्टी समाजवादी पार्टी गठबंधन ने डॉक्टर पल्लवी पटेल को सिराथू विधानसभा से गठबंधन प्रत्याशी घोषित किया है चुनाव प्रचार के दौरान पल्लवी पटेल के जोशीले भाषण से आम जनता के बीच चर्चा होना स्वाभाविक हो गई है सिराथू विधानसभा क्षेत्र में उपस्थित भीड़ के बीच समाजवादी अपना दल गठबंधन प्रत्याशी डॉ पल्लवी पटेल ने खुलेआम मंच से कहा कि मेरे अंदर वह जज्बा है कि मैं आपके लिए खून बहा भी सकती हूं और सामने वाले की गर्दन भी काट सकती हूं उनके इस सोच के बाद एक बार कानपुर के काला बच्चा की याद ताजा हो गई है जिस पर तमाम गंभीर आपराधिक मामले पुलिस अभिलेखों में दर्ज हैं कानपुर के हिस्ट्रीशीटर काला बच्चा को शरण देने का आरोप हमेशा अपना दल नेता पर लगता रहा है काला बच्चा के खून की गर्मी डॉक्टर पल्लवी पटेल में दिखाई पड़ रही है जो खून की प्यासी है और सामने वाले की गर्दन काट लेने की बात कर रही हैं लोकतांत्रिक व्यवस्था में जिस तरह से गर्दन काट देने की बात समाजवादी पार्टी की सिराथू विधानसभा से प्रत्याशी डॉक्टर पल्लवी पटेल कर जनता को अपने ओर झुकाना चाहती हैं लेकिन उनके इस तरह आपराधिक सोच के चलते समाजवादी पार्टी का दिनोंदिन जनाधार घटता जा रहा है। एक तरफ डॉक्टर पल्लवी पटेल अपने को कौशांबी की बहू कहकर जनता को संबोधित करती हैं दूसरी तरफ कौशांबी वासियों की गर्दन काट देने की बात वह करती हैं यह कौशांबी की कैसी बहू है जो अपने ससुराल के लोगों की गर्दन काट लेने की बात खुलेआम मंच से कर रही हैं इस बात पर आम जनता ने सवाल उठाना शुरू कर दिया है खून की प्यासी डॉ पल्लवी पटेल के भाषण बाजी पर पूरे सिराथू विधानसभा क्षेत्र पर जमकर उनकी थू थू हो रही है।

## चायल विधानसभा में सपा बसपा और अपना दल प्रत्याशी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला

**हवा में उड़ रहे कांग्रेस और जनसत्ता दल प्रत्याशी जमानत होगी जप्त**

**कौशाम्बी।** विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी तलत अजीम ने वर्ष 2017 के चुनाव में चायल विधानसभा से कांग्रेस समाजवादी पार्टी के गठबंधन से सयुक्त प्रत्याशी चायल विधानसभा से चुनाव लड़ा था जिसमें उन्हें 46000 वोट मिले थे और चायल विधानसभा से संजय गुप्ता ने 86000 वोट पाकर जीत दर्ज की थी बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी आसिफ जाफरी तीसरे स्थान पर रहे और उन्हें 43 हजार मत मिला था लेकिन इस बार समाजवादी पार्टी ने पूजा पाल को प्रत्याशी घोषित किया है और कांग्रेस पार्टी ने तलत अजीम को प्रत्याशी घोषित किया है सपा कांग्रेस के गठबंधन टूट जाने से सपा प्रत्याशी प्रचार प्रसार कर अपनी स्थिति मजबूत करने में लगे हैं लेकिन वही कांग्रेस प्रत्याशी तलत अजीम भी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं लेकिन कांग्रेस की स्थिति जमीनी हकीकत में ठीक नहीं है क्षेत्र में तमाम मुस्लिम मतदाताओं से बात की गई तो मुस्लिम मतदाताओं का 80% झुकाव समाजवादी पार्टी प्रत्याशी पूजा पाल की ओर है दूसरी तरफ हिंदुत्व के सहारे भाजपा अपना दल प्रत्याशी मतदाताओं को अपनी ओर खींचने में लगे हैं बेस्ट बिरादरी के प्रत्याशी को भाजपा सपा द्वारा टिकट न दिए जाने से 22 मतदाता भी भाजपा अपना दल से असंतुष्ट हैं और जनसत्ता दल प्रत्याशी अनिल केसरवानी की ओर बेस्ट मतदाताओं का झुकाव बढ़ रहा है जिससे अपना दल भाजपा के संयुक्त प्रत्याशी का नुकसान दिखाई पड़ रहा है जिससे कांग्रेस प्रत्याशी के सामने विकराल समस्या उत्पन्न हो रही हैं अपने परंपरागत वोट के सहारे बसपा अपने मतदाताओं को लुभाने में लगी है चायल विधानसभा में अपना दल सपा और बसपा के बीच त्रिकोणीय संघर्ष दिखाई पड़ा है विधानसभा चुनाव की लड़ाई में कांग्रेस और जनसत्ता दल प्रत्याशी दूर दूर नहीं दिखाई पड़ रहे है।

## अंतर्कलह से जूझ रही सिराथू विधान सभा सपा प्रत्यासी

**टिकट बंटवारे में पक्षपात से पुराने सपाई चुनाव प्रचार से कर रहे किनारा**

**कौशाम्बी।** बहुजन समाज पार्टी का कभी कौशाम्बी गढ़ रहा यहां पर एक समय बहुजन समाज पार्टी की तूती बोलती थी समय बदला निजाम बदला 2012 में भारतीय जनता पार्टी के केशव प्रसाद मौर्य ने मिथक को तोड़कर सिराथू विधान सभा को भगवा मय कर दिया वर्ष 2017 में तीनों विधानसभा पर भाजपा प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की और वर्ष 2014 वा 2019 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा सांसद ने जीत दर्ज की अब 2022 की चुनौती में सिराथू में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के सामने समाजवादी पार्टी ने जातिगत समीकरणों को साधने के चक्कर मे आयतित प्रत्यासी अपना दल कमेरावादी नेता डॉ पल्लवी पटेल को चुनाव मैदान में उतार दिया है सपा के शीर्ष नेतृत्व का मानना है कि डिप्टी सीएम के सामने पल्लवी पटेल कड़ी टक्कर दे कर विधानसभा चुनाव को रोमांचक दौर में पहुंचाने का प्रयास करेगी। वहीं सिराथू से समाजवादी पार्टी के बड़े बड़े दावेदार रहे अब भी डॉ पल्लवी पटेल को पचा नही पा रहे उनकी जनसभाओं में जो भीड़ रहती है लेकिन लोगों की नजर समाजवादी पार्टी से विधानसभा चुनाव में बड़े बड़े हुंकार दिखाने वाले उन दावेदारों को ढूढती रहती हैं जिन्होंने प्रत्यासी होने का दम्भ भरा था लेकिन जनसभाएं क्या वह तो समर्थकों संग मंझनपुर विधान सभा मे ही देखे जाते हैं वहीं अझुवा क्षेत्र के दावेदार भी मायूस होकर इधर उधर घूमते रहते हैं समाजवादी पार्टी के धुरंधर नेताओं के इस बेरुखी से क्या संयुक्त प्रत्यासी प्रदेश के बड़े चेहरे के सामने टिकी रहेगी नाम न छापने की शर्त पर कुछ समर्थकों ने कहा कि विधानसभा सिराथू में समाजवादी पार्टी द्वारा चुनाव लड़ने की फार्मेलटी की जा रही है।

## संपादक की कलम से

# ईओएस-04: अंतरिक्ष में भारत की तीसरी

**पिछले** दिनों इसरो ने अंतरिक्ष में बड़ी छलांग लगाते हुए भारत के नवीनतम अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट 'ईओएस-04' को अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया और इस सफलता के साथ ही इसरो की सफलता के इतिहास में एक और सुनहरा अध्याय जुड़ गया। इसरो का इस साल का यह पहला मिशन था और इस मिशन की एक अन्य विशेष बात यह थी कि इसरो के नए चेयरमैन तथा अंतरिक्ष विभाग के सचिव एस. सोमनाथ द्वारा पदभार संभालने के बाद इसरो का यह पहला लांच था। इसरो के इस मिशन में गत 14 फरवरी को धरती की निगरानी करने वाले सैटेलाइट ईओएस-04 के साथ दो अन्य छोटे सैटेलाइट भी सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित कर दिए गए। साढ़े 25 घंटे के काउंटडाउन के बाद पोलर सैटेलाइट लांच व्हीकल पीएसएलवी-सी52 ने सुबह करीब 6 बजे तीनों सैटेलाइट के साथ उड़ान भरी और करीब 17 मिनट 34 सेकेंड की उड़ान के बाद तीनों सैटेलाइट को सन-सिंक्रोनस पोलर ऑर्बिट में प्रविष्ट करा दिया, जो लक्षित ऑर्बिट के बहुत करीब है। पीएसएलवी के जरिये ईओएस-04 को पृथ्वी से 529 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थापित किया गया है। इसरो के मुताबिक ईओएस-04 सैटेलाइट अगले कुछ दिनों में आंकड़े उपलब्ध कराने लगेगा। श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र एसएचएआर से इसरो का यह 80वां लांच व्हीकल मिशन था तथा पीएसएलवी की 54वीं उड़ान थी जबकि एक्सएल कांफिगरेशन में 6 पीएसओएस-एक्सएल (स्ट्रैपऑन मोटर्स) के जरिये इस सिस्टम का प्रयोग करते हुए पीएसएलवी का यह 23वां अभियान था। अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित होने के बाद 1710 किलोग्राम वजनी ईओएस-04 अगले कुछ दिनों में आंकड़े उपलब्ध कराने लगेगा और आगामी 10 वर्षों तक कार्य करेगा। इसरो चेयरमैन एस. सोमनाथ के मुताबिक यह स्पेसक्राफ्ट देश की सेवा करने के लिए सबसे बड़ी परिसम्पत्तियों में से एक बनने जा रहा है।

# दिल्ली में निगाहें पंजाब पर निशाना

-सज्जाद हैदर-

**राजनीति के** क्षेत्र में न ही कोई अस्थाई मित्र होता है न ही कोई स्थाई विरोधी। राजनीति का अध्याय एक ऐसा अध्याय है जिसे थ्योरी के रूप में पूरे तरह से नहीं समझा जा सकता। यदि राजनीति को समझना है तो प्रैक्टिकल की प्रयोगशाला में झाँककर देखना ही होगा। क्योंकि राजनीति का पूरा खेल समीकरण पर ही आधारित होता है। कोई भी सियासी पार्टी किसी से भी सियासी पार्टी से गठबंधन कर सकती है बस उद्देश्य सिद्ध होना चाहिए। यही एक ऐसी प्रक्रिया है जिसका दृश्य अनवरत दिखाई देता रहता है। कोई भी राजनेता किसी भी मंच से उछलकर दूसरी पार्टी के मंच पर कूद पड़ता है। बस नेता का अपना जनाधार होना चाहिए। मजे की बात तो यह है कि वही नेता जब दूसरे दल में रहता है तो उसपर अनगिनत आरोप लगाए जाते हैं। और जैसी ही वह अपना पाला बदल लेता है तो उसके सारे पाप धुल जाते हैं। अजब दृश्य है। दिल्ली के मुख्यमंत्री और पंजाब के मुख्यमंत्री के बीच जुबानी जंग शुरू है। चरणजीत चन्नी ने कहा अरविंद केजरीवाल झूठे हैं मेरे खिलाफ उन्होंने कई आरोप लगाने की कोशिश की लेकिन एक भी आरोप सच नहीं थे उन्होंने राज्यपाल से भी मेरे खिलाफ शिकायत की जिसके बाद उन्होंने जांच के आदेश दिए चमकौर साहिब विधानसभा क्षेत्र में अवैध खनन के





आरोप में रोपड़ जिला प्रशासन और पुलिस ने कांग्रेस के मुख्यमंत्री उम्मीदवार चन्नी को क्लीन चिट दे दी। पंजाब में विधानसभा चुनाव से पहले चन्नी ने केजरीवाल और आप नेताओं की तुलना ब्रिटिश शासन से करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी पंजाब को लूटने आई है चन्नी ने कहा अंग्रेज भारत को लूटने आए थे वैसे ही केजरीवाल और उनका दिल्ली परिवार जैसे राघव चड्ढा और अन्य बाहरी लोग पंजाब को लूटने आए हैं लेकिन पंजाब उन्हें उनकी जगह दिखाएगा जैसे उसने अंग्रेजों को दिखाई थी। इससे पहले अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी पर अवैध रेत खनन को लेकर निशाना साधते हुए कहा था कि उनसे पंजाब के बेहतर भविष्य की उम्मीद कैसे की जा सकती है। सियासत का वाजिब समय है तो राजनीति होनी ही है। बयानबाजी तो होनी ही है। लेकिन जनता का फैसला क्या होता है यह देखने की बात होगी।

पंजाब के चुनाव में मौजूदा सरकार जहाँ अपनी जमीन बचाने की कोशिश में लगी हुई है वहीं भाजपा अपने सियासी समीकरण को बहुत ही तेजी के साथ साधने में लगी हुई है इसका एक रूप दिल्ली में दिखाई दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आवास पर सिख समुदाय के कई प्रमुख लोगों की मेजबानी की और उनकी सरकार द्वारा समुदाय के लिए किए गए कार्यों को रेखांकित किया। राजनीति के जानकारों का मानना है कि पंजाब के विधानसभा चुनाव में अपनी जमीन को और अधिक मजबूत करने की जुगत में यह मुलाकात हुई है। भारतीय जनता पार्टी राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की पंजाब लोक कांग्रेस तथा अकाली दल के सुखदेव सिंह ढींढसा धड़े के साथ गठबंधन करने के साथ ही सिख समुदाय को लुभाने में जी जान से जुटी है। बात तो यहाँ तक आ गई कि हम हर दिन समुदाय के लिए काम करना चाहते हैं पर अफसोस है कि पिछली सरकारों ने करतारपुर साहिब जैसे सिखों के पवित्र स्थलों को भारतीय क्षेत्र में लाने के मौके गंवा दिए। सियासी खींचतान यहीं तक नहीं रूकी वह 1947 तक पहुँच गई। धार्मिक पवित्र करतारपुर साहिब को भारत में होने की बात तक सामने लाई गई। चूँकि चुनाव है तो राजनेताओं के द्वारा अपने-अपने समीकरणों को बखूबी मजबूत किया जाना स्वाभाविक है। यदि सियासी बयानों के पन्नों को पलटकर देखते हैं तो पूर्व में कैप्टन ने प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करते हुए पहले ही सिद्ध कर दिया था। आने वाले समय में ऊँट किस करवट बैठेगा। कैप्टन ने प्रधानमंत्री मोदी के फैसले की प्रशंसा करते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी ने पुनः साबित कर दिया है कि वह जनता की राय पर ध्यान देते हैं। अपने संबोधन में उन्होंने किसानों के लिए उनकी सरकार द्वारा उठाए गए कई कदमों के बारे में बताया। यह किसी शर्त के साथ या चरणबद्ध वापसी नहीं थी प्रधानमंत्री मोदी ने दृढ़ निर्णय लिया है। यह फैसला जीत या हार के किसी राजनीतिक सोच-विचार के बिना यह फैसला लिया गया।

बता दें कि पंजाब चुनाव में भाजपा के गठबंधन में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की पंजाब लोक कांग्रेस और सुखदेव सिंह ढींडसा के शिरोमणि अकाली दल (संयुक्त) का नाम शामिल है इससे पहले पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नवगठित पंजाब लोक कांग्रेस के नेता अमरिंदर सिंह और राज्यसभा सदस्य ढींडसा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। इनकी मुलाकात शाह के घर पर हुई थी जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत बड़े नेता शामिल थे। इस बैठक में फैसला किया गया कि भाजपा कैप्टन की पार्टी और ढींडसा की पार्टी पंजाब में मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेगी।

पंजाब में प्रधानमंत्री मोदी ने जालंधर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों को आड़े हाथों लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत माँगने पर निशाना साधा वहीं दिल्ली में आम आदमी पार्टी पर गली-गली शराब की दुकानें खुलवाने का आरोप लगाया युवा पीढ़ियों को शराब की लत से छुटकारा दिलाने के लिए उन्होंने पंजाब में डबल इंजन की एनडीए सरकार के लिए वोट माँगा।

# धर्म गुरुओं की मुलाकातों के सियासी मायने !

-कुसुम चोपड़ा-

**एक क**हावत है- बात करने से ही बात बनती है। ऐसा ही कुछ इन दिनों भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गजों की पंजाब के दो बड़े डेरा प्रमुखों से मुलाकात को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। हाल ही में डेरा राधा स्वामी ब्यास के प्रमुख गुरिंदर सिंह ढिल्लों की गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात और फिर शुक्रवार को डेरा भैणी साहिब के प्रमुख उदय सिंह नामधारी का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलना, अपने आप में बहुत कुछ कह रहा है। माना जाता है कि पंजाब की सियासत में धार्मिक डेरे बेहद महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। इन डेरों के लाखो-करोड़ों की संख्या में अनुयायी हैं। पंजाब के अलावा दूसरे राज्यों में भी डेरे के अनुयायी हैं। डेरा प्रमुख जिस सियासी पार्टी को समर्थन देने का वादा करते हैं, उनके अनुयायी भी उसी पार्टी को अपना वोट देते हैं। लेकिन इस बार किसी भी डेरे ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले। यहां तक कि डेरा सच्चा सौदा ने तो यह तक कह दिया कि डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को लेकर चुप्पी साधने वाले नेताओं को अब हम देखेंगे। हालांकि, चुनाव से ठीक पहले गुरमीत राम रहीम को मिली फरलो के बाद कयास लगाए जा रहे थे कि जल्द ही डेरा के प्रमुख सियासी समर्थन को लेकर कुछ फैसला लेंगे लेकिन उनकी तरफ से इसपर से पर्दा नहीं उठाया गया। लेकिन इन दिनों जिन दो बड़े डेरा प्रमुखों ने देश की सत्ताधारी पार्टी भाजपा के दो दिग्गज नेताओं के साथ मुलाकात की है, उसे लेकर सियासी पंडितों की अपनी-अपनी राय है। हालांकि, डेरा राधा स्वामी ब्यास



और डेरा भैणी साहिब की बात करें तो ये दोनों ही आज तक पंजाब में कांग्रेस को ही समर्थन देते आए हैं लेकिन इस बार अंदरूनी कलह के चलते कांग्रेस की जो हालत है, वह किसी से छिपी नहीं है। इसे देखते हुए तो यही लग रहा है कि इन डेरों ने भी अपना पासा पलट लिया है। उधर, भाजपा भी शायद इस बार इसी मौके का फायदा उठाना चाहती है। हालांकि, वह अच्छी तरह से जानती है कि इन मुलाकातों का कुछ खास असर नहीं होने वाला। हां इतना जरूर हो सकता है कि सूबे में कुछ सीटों में इजाफा हो जाए लेकिन जहां तक सत्ता में आने का सवाल है तो वह तो फिलहाल दूर की ही कौड़ी लगती है। इन दो डेरा प्रमुखों के अलावा शुक्रवार को सिख समुदाय के कुछ बड़े प्रतिनिधियों ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। अब जब पंजाब में वोटिंग शुरू होने में कुछ ही घंटे बचे हैं, ऐसे में इस मुलाकात को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इस मुलाकात के बाद सिख समुदाय के प्रतिनिधियों ने मोदी सरकार की ओर उनके समुदाय के लिए किये जा रहे कार्यों की जमकर सराहना की। प्रतिनिधियों ने कहा कि प्रधानमंत्री को सिख धर्म की गहरी समझ है, उन्होंने विश्व मंच पर देश और सिख समाज का मान बढ़ाया। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने गुरु गोबिन्द सिंह के साहबजादों की शहादत के सम्मान में 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' मनाने का जो निर्णय किया है, उसे लेकर भी सिख समाज में काफी खुशी का माहौल है। सिख प्रतिनिधियों की यह मुलाकात भी ऐसे में काफी अहम हो जाती है। इन मुलाकातों के बाद सियासी गलियारों में चर्चा है कि डेरा राधा स्वामी ब्यास और डेरा भैणी साहिब इस बार भारतीय जनता पार्टी को समर्थन दे सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो अभी तक पंजाब में सत्ता के लिए तरस रही भाजपा के लिए कुछ हद तक चीजें आसान हो सकती हैं। 6 डेरों का पंजाब चुनाव पर पड़ सकता है सीधा असर

पंजाब में यूं तो छोटे-बड़े 980 डेरे हैं, लेकिन इन सबमें 6 ऐसे डेरे हैं, जिनके न सिर्फ लाखों-करोड़ों लोग अनुयायी हैं, बल्कि इनका राजनीतिक रसूख भी काफी बड़ा है।

पंजाब में एक चौथाई आबादी किसी न किसी डेरे से ताल्लुक रखती है। इन डेरों में- डेरा सच्चा सौदा, राधा स्वामी सत्संग ब्यास, नूरमहल डेरा (दिव्य ज्योति जागृति संस्थान), संत निरंकारी मिशन, नामधारी संप्रदाय और डेरा सचखंड बल्लां शामिल हैं। ये डेरों का प्रभाव इसी बात से समझा जा सकता है कि चुनाव के दौरान ये डेरे 68 विधानसभा क्षेत्रों में सत्ता में उलट-पलट करने की ताकत रखते हैं। हालांकि, पिछले चुनावों से सबक सीखते हुए इस बार डेरे किसी विशेष पार्टी के पक्ष में खुलकर बोलने से बच रहे हैं।

# विकास की राजनीति के नायक योगी आदित्यनाथ

-डॉ. सौरभ मालवीय-

**उत्तर प्रदेश** में विधानसभा चुनाव चल रहा है। राजनीति की दृष्टि से देश के सबसे महत्त्वपूर्ण राज्य के विधानसभा चुनाव में सभी राजनीतिक पार्टियां अपनी-अपनी विचारधारा और मुद्दों को लेकर चुनाव मैदान में हैं। कहीं जातिवाद हावी है] तो कहीं पिछड़ेपन की बात की जा रही है। परन्तु भारतीय जनता पार्टी योगी आदित्यनाथ के शासनकाल में किए गये विकास कार्यों को लेकर चुनाव लड़ रही है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने राज्य के निवासियों के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक विकास के लिए हर संभव प्रयास किया। योगी श्री आदित्य नाथ ने मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करने के पश्चात राज्य की जनता की सेवा के लिए विकास कार्यों को अपना मंत्र बनाया। राज्य में बेघरों को आवास देने के लिए उत्तर प्रदेश आवास विकास योजना प्रारम्भ की गई। निर्धन परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना आरम्भ की गई। प्रवासी श्रमिकों को रोजगार देने के लिए आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश रोजगार अभियान प्रारम्भ किया गया। बेरोजगारों को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना आरम्भ की गई। बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण दिलाने के लिए उत्तर





प्रदेश कौशल विकास मिशन तथा मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना प्रारम्भ की गई। राज्य के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना प्रारम्भ की गई। बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश बेरोजगारी भत्ता नामक योजना आरम्भ की गई। योगी सरकार चाहती है कि राज्य के सभी श्रमिकों को सरकारी योजनाओं का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त हो। इसलिए सरकार ने श्रमिक पंजीकरण योजना प्रारम्भ की है।

श्रमिकों के भरण पोषण के लिए राज्य में श्रमिक भरण पोषण योजना आरम्भ की गई है] जिसमें श्रमिकों को धन एवं अन्न दोनों ही उपलब्ध कराया जाता है। कोरोना काल में दूसरे राज्यों में फंसे श्रमिकों को वापस लाने के लिए उत्तर प्रदेश प्रवासी मजदूर घर वापसी पंजीकरण योजना आरम्भ की गई। इसके साथ ही राज्य की समृद्धि के लिए उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। योगी सरकार ने कृषि क्षेत्र पर भी विशेष ध्यान दिया है। राज्य में जैविक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए परम्परागत खेती विकास योजना चलाई जा रही है। खेतों को पर्याप्त सिंचाई जल उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश नि%शुल्क बोरिंग योजना तथा उत्तर प्रदेश किसान उदय योजना संचालित की जा रही है। इनके अतिरिक्त बीज ग्राम योजना के अंतर्गत किसानों को धान एवं गेहूं के बीज पर विशेष अनुदान दिया जा रहा है। पारदर्शी किसान सेवा योजना के अंतर्गत किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री किसान एवं सर्वहित बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को समुचित उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही है। किसानों को ऋण के बोझ से मुक्त करने के लिए किसान ऋण मोचन योजना प्रारम्भ की गई। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। राज्य में अनाथ बच्चों को आसरा देने के लिए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना प्रारम्भ की गई। महिला सशक्तिकरण के लिए भी सरकार अनेक योजनाएं चला रही है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत निर्धन परिवारों की पुत्रियों को शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। उत्तर प्रदेश भाग्यलक्ष्मी योजना के अंतर्गत पुत्री की शिक्षा और विवाह के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त लोगों को घर बैठे बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बैंकिंग संवाददाता सखी योजना प्रारम्भ की गई है। इससे जहां लोगों को घर पर बैंकिंग सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं वहीं महिलाओं को भी रोजगार प्राप्त हुआ है।

# विकास में सहभागी सभी जनपद

-डॉ. दिलीप अग्निहोत्री-

**उत्तर** प्रदेश में पहले भी सभी मुख्यमंत्री चुनाव के दौरान धुंआधार प्रचार करते रहे हैं। इसमें वह अपनी सरकार के कार्यों व उपलब्धियों का उल्लेख करते थे।

विपक्ष के आरोपों का जवाब देते थे। लेकिन इस मामले में वर्तमान मुख्यमंत्री का अंदाज सबसे अलग है। उनके पास प्रत्येक क्षेत्र में विगत पांच वर्षों के दौरान किये गए कार्यों का ब्यौरा रहता है। वह अपनी जनसभाओं में इनका विशेष रूप से उल्लेख करते हैं। यह भी बताते हैं कि संबंधित जनपद में कितने लोगों को किसान सम्मान निधि, निर्धन आवास शौचालय, निःशुल्क बिजली कनेक्शन, निःशुल्क राशन, आयुष्मान योजना, उज्ज्वला योजना आदि का लाभ मिल रहा है। वह सभा में यह भी पूछते हैं कि पहले यहां कितनी देर बिजली आती थी, अब कितने घंटे बिजली आ रही है। इतना ही नहीं अब अधिकांश जनपदों में मेडिकल कॉलेज बन गए हैं, या उनका निर्माण हो रहा है। एयर कनेक्टिविटी का बहुत विस्तार हुआ है। पांच एक्सप्रेस वे अनेक क्षेत्रों से निकल रही है। योगी लाभान्वित जनपदों का उल्लेख करते है। कानून-व्यवस्था पर वह पिछली सरकार पर हमला करते हैं। इस प्रकार योगी की पोटली में प्रत्येक जनपद या क्षेत्र के लिए कहने के लिए बहुत कुछ रहता है। ऐसी पोटली पिछली सरकारों के लिए दुर्लभ हुआ करती थी क्योंकि तब चंद जनपद वीआईपी माने जाते थे। उनमें चौबीस घंटे बिजली आती थी। विकास कार्य वहीं तक सीमित रहते थे। पूर्वी उत्तर प्रदेश व बुंदेलखंड पूरी तरह उपेक्षित रह जाते थे। पूर्वी उत्तर प्रदेश जापानी बुखार से परेशान रहता था। बुंदेलखंड में पानी की किल्लत में लोगों को अपने मवेशी वहीं छोड़ कर पलायन करना पड़ता था। योगी आदित्यनाथ ने जनपदों के इस वीआईपी कल्चर को बदल दिया। शुरू में उन्होंने गोरखपुर को भी चौबीस घंटे बिजली देने से इनकार कर दिया था। सरकार ने बिजली व्यवस्था को बदहाली से निकाला। इसके बाद सभी जिला मुख्यालयों को समान रूप से चौबीस घंटे बिजली मिलने लगी। इसी तरह सभी तहसीलों व गांवों के लिए समय निर्धारित कर दिया। कोई क्षेत्र वीआईपी नहीं रह गया। चालीस वर्षों से चली आ रही जापानी बुखार की समस्या का समाधान किया गया। बुंदेलखंड पानी की कमी से जूझता था। वहां हर घर नल से जल का सपना साकार हो रहा है। इसके अलावा एक जनपद एक उत्पाद की सौगात भी योगी की पोटली में रहती है। इसका उल्लेख भी वह संबंधित जनपद की चुनाव सभा में करते हैं। पहले किसी भी मुख्यमंत्री को इस अंदाज में चुनावी सभा करते नहीं देखा। वह कतिपय योजनाओं का उल्लेख करते थे। अन्य के लिए भविष्य में पूरा करने का वादा करते थे। मतदाताओं ने उनके वादों पर विश्वास नहीं किया। किंतु वह प्रत्येक योजनाओं को अपना बताने में लगे रहे। योगी सरकार ने लंबित योजनाओं को तेजी से पूरा किया। इसके साथ ही अनेक अभिनव योजनाओं का क्रियान्वयन किया। एक जिला एक उत्पाद ऐसी ही योजना रही है। कभी उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद स्थानीय उद्योग या कृषि उत्पाद के लिए प्रसिद्ध थे। लेकिन पिछली सरकारों की उपेक्षा के चलते यह पहचान धूमिल होती गई।

# कांग्रेसी नेताओं के अलगाववादी बयान और नागरिक चिंताएं

-डॉ. विश्वास चौहान-

**भारत** के किसी राज्य के स्थाई निवासी के नाते अपमान क्या है? आज यूपी या बिहार के किसी भी स्थाई निवासी से पूछ लें, जो एक राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस के स्वयम्भू नेताओं के यूपी या बिहार के लोगों के लिए अपमानजनक अलगाववादी बयान दे रहे हैं। कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के बयानों से अपमानित यूपी और बिहार के लोगों से कोई पूछे तो वे अपने प्रति कांग्रेसी नेताओं का अनमनापन, प्रयोजनशून्यता, दिशाहीनता, रिक्तता, अलगाववाद एवं अपमान को अच्छे से समझ चुके आक्रोशित ही मिलेंगे। इन बयानों से क्षुब्ध यूपी बिहार के बन्धु-बहिने मौजूदा समय में कांग्रेसी राजनीति में अपने आप को पूरी तरह से अप्रासंगिक और तिथिबाह्य पा रहे हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री चन्नी का चुनावी मंच से दिया गया यह बयान कि यूपी-बिहार के भय्यों का पँजाब में क्या काम ? और लड़की हूं लड़ सकती हूं नारे की प्रणेता प्रियंका वाड्रा द्वारा तालियां बजा-बजाकर चन्नी के बयान पर प्रसन्नता और समर्थन से यूपी बिहार मूल के लोग दुखी और आक्रोशित हैं। मोदी विरोधी कांग्रेस के सहयोगी विपक्ष की चुप्पी से विभिन्न राज्यों में रह रहे यूपी और बिहार के लोगों में इन राज्यों में अपने रोजगार के अस्तित्व का संकट घर कर गया है, वे ऐसी मनोदशा में हैं मानो किसी परग्रही को अन्य ग्रह पर लगता होगा। विगत दिनों संसद में कांग्रेसी नेता राहुल गांधी का यह बयान कि "भारत राष्ट्र नहीं है" से पीड़ित देशभक्त नागरिकों को प्रधानमंत्री मोदी के उक्त विषय में प्रत्युत्तर से सांत्वना अवश्य मिली है, जिसमें उन्होंने राष्ट्रत्व के उस साझे तत्व को परख कर उसमें राहुल के वक्तव्य से उपजी नागरिकों की पीड़ा को उदाहरणों सहित एक एकात्मक अखण्ड अटूट राष्ट्रत्व लय में रखा था। बीते लोकसभा चुनाव के समय भी केरल के वायनाड में यूपी-बिहार के लोगों को राहुल गांधी ने गंवार कहा था, जिसे आज भी किसी दिन सोशल मीडिया पर अपलोड किसी वीडियो में सुनने के बाद यूपी-बिहार के लोगो के भीतर एक स्तब्ध सूनापन गूँजने लगता है। आज भी कांग्रेस शासित राज्यों में यूपी-बिहार के लोग इन बयानों के मद्देनजर अपने आपको सुरक्षित नहीं।

# सिपाही बनाम प्यादा सियासत का इरादा

-सज्जाद हैदर-

**जी हां** उत्तर प्रदेश का चुनाव आरंभ हो चुका है सियासी योद्धा मैदान में कूद चुके हैं सब अपना-अपना भाग्य भरपूर आजमा रहे हैं। सभी महारथी जनता के बीच जाकर अपना-अपना करतब दिखा रहे हैं। सियासी बांड़ वायुमण्डल में भरपूर दागे जा रहे हैं। सियासी मंचों पर राजनेता जादुई चिराग लिए प्रदर्शन कर रहे हैं। सभी छोटे बड़े दलों ने अपने-अपने महारथियों को मैदान में करतब दिखाने के लिए उतार दिया है। सियासी चिराग से सियासी जिन मंच से मैदान की ओर ढ़केल कर बखूबी पहुँचाया जा रहा है। क्योंकि सियासी जिन्न ही है जोकि सियासी माहौल को बखूबी गढ़ सकता है। इसलिए जिन्नाती चिराग पूरी दमखम के साथ दौड़ रहा है। सभी महारथी अपना-अपना हुनर दिखा रहे हैं जिसको प्रदेश की जनता टकटकी लगाए हुए निहार रही है। महारथियों की कुश्तियाँ आरंभ हैं। जो कि जनता के सामने है। परन्तु सियासत के मैदान का एक दृश्य सबसे विचित्र है। क्या राजनीतिक महारथियों की कुश्तियाँ वास्तविक कुश्ती है अथवा नूरा कुश्ती। क्योंकि सत्ता की चाहत में महारथी अनेकों प्रकार के नए से नए उपाय खोजकर जनता के सामने प्रकट हो रहे हैं। यदि शब्दों को बदलकर कहा जाए तो शायद गलत नहीं होगा कि यह सियासी महारथी किसी वैज्ञानिक से तनिक भी कम नहीं हैं क्योंकि यह महारथी सियासी प्रदर्शन के लिए जिस प्रकार का ताना-बाना बुन देते हैं वह तो कोई भी वैज्ञानिक भी साधारण रूप से कर पाने में पूर्ण रूप से में सफल नहीं हो सकता। परन्तु यह सियासी महारथी हैं। यह जो कुछ भी चाहें बड़ी ही उपयुक्त रणनीति के साथ कर सकते हैं। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए महारथियों ने करतब दिखाने आरंभ कर दिए हैं। जिसका रूप ही नहीं रंग भी निराला है। इस पूरे चक्र में जनता कहाँ खड़ी है यह बड़ा सवाल है। क्योंकि जो भी महारथी सियासत के मैदान में करतब दिखा रहें हैं उनका खास उद्देश्य है। कोई भी महारथी बिना किसी उद्देश्य के मैदान में करतब नहीं दिखा रहा है। भाग्य बदलने की बात तो सब करते हैं यह भी सत्य है। परन्तु भाग्य किसका बदलेगा यह बड़ा सवाल है। क्योंकि ननकू-रज्जाक की प्रगति की क्या स्थिति है यह भी किसी से भी छिपा हुआ नहीं है। ननकू-रज्जाक ने कितनी प्रगति की है यह भी जगजाहिर है। लेकिन सियासत के सियासी खिलाड़ी अपने-अपने हुनर को बखूबी आजमा रहे हैं। सब अपने अपने करतब का प्रदर्शन कर रहे हैं। क्योंकि करतब के पीछे सबके अपने-अपने उद्देश्य हैं। कोई चुनाव में विजय प्राप्त के लिए मैदान में उतरा है तो कोई चुनाव में विजय दिलवाने के उद्देश्य से मैदान में उतरा है। ऐसा क्यों न हो इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता। क्योंकि सभी सियासत के मंझे हुए खिलाड़ी हैं कोई ईश्वर का दूत नहीं है। इसलिए सभी को अपना-अपना जादू चलाने का पूरा अधिकार है। सब अपने-अपने जिन्नाती चिराग को लेकर घूम रहे हैं।

कोई प्रत्यक्ष रूप से सत्ता का स्वाद चखना चाहता है तो कोई परोक्षरूप से सत्ता का आनंद लेने की जुगत में लगा हुआ है। सियासी कुश्ती का खेल चल रहा है। यह अलग बात है कि कुश्ती कहां कुश्ती है और कहां पर नूरा कुश्ती। परनतु जनता है। चुनाव है। कलाकार बड़े हैं कोई साधारण कलाकार नहीं हैं। जनता पूर्ण रूप से टकटकी लगाए हुए निहार रही है। बयानबाजी अपने चरम पर है। बयान दाता अपनी बयानबाजी से जनता को अपनी ओर आकर्षित करने की कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। सभी बयान दाता जनता को अपने पाले में समेटना चाहते हैं। अब देखना यह है कि बयान दाताओं की बयानबाजी में जनता कहां तक सिमट पाती है। और किसके ओर सिमट पाती है। क्योंकि इस खेल में एक दृश्य बड़ा गम्भीर है जोकि पर्दे के पीछे है जिसे साधारण आँखों से नहीं देखा जा सकता उसे देखने के लिए एक खास उपकरण की जरूरत होती है। सत्ता और सियासत में जो कुछ सामने से दिखाई देता है कभी-कभी वह सत्य नहीं होता अपितु सत्य वह होता है जोकि दिखाई नहीं देता। जिसे समझने की आवश्यकता है।

**अन्य खेल समाचार**

## रिद्धिमान साहा को मिला वीरेंद्र सहवाग का सपोर्ट, ट्वीट कर कहा- ये सिर्फ चमचागिरी

**नई दिल्ली.** इंटरव्यू के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा को धमकी मिलने के बाद टीम इंडिया के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने जर्नलिस्ट को कड़ी फटकार लगाई है। श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट टीम से बाहर किए जाने के बाद साहा को अब ध?मकियां मिल रही है। ये धमकी उन्हें एक जर्नलिस्ट से वॉट्सऐप पर मिली है, जिसका स्क्रीनशॉट साहा ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। विकेटकीपर बल्लेबाज का मानना है कि जर्नलिस्ट उन्हें इंटरव्यू के लिए धमका रहा है।

सहवाग ने साहा के ट्वीट को शेयर करते हुए रिपोर्टर को कड़ी फटकार लगाई है। उन्होंने ट्वीट कर कहा- 'ये बेहद दुख की बात है। इस तरह से किसी की भावनाओं को आहत करना। ना तो वह सम्मान के लायक है और ना ही वह जर्नलिस्ट है। सिर्फ चमचागिरी। हम आपके साथ हैं रिद्धि।'

विकेटकीपर बल्लेबाज साहा ने जो स्क्रीनशॉट शेयर किया है, उसमें जर्नलिस्ट उनसे कहता है, 'मेरे साथ एक इंटरव्यू करोगे। यह अच्छा होगा। उन्होंने (सेलेक्टर्स) केवल एक ही विकेटकीपर चुना। कौन बेस्ट है। तुमने 11 जर्नलिस्ट को चुनने की कोशिश की, जोकि मेरे हिसाब से सही नहीं है। उसे चुनो जो ज्यादा मदद कर सके। तुमने कॉल नहीं किया। मैं अब तुम्हारा कभी इंटरव्यू नहीं लूंगा और मैं इसे याद रखूंगा।साहा ने ट्विटर पर लिखा, %भारतीय क्रिकेट में मेरे सभी योगदानों के बाद..एक तथाकथित %सम्मानित% जर्नलिस्ट से मुझे इस तरह की चीजों का सामना करना पड़ रहा है! यहीं से जर्नलिज्म खत्म।% साहा को श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए टीम में नहीं शामिल किया गया है।

## क्रिस गेल क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद इस टीम के हेड कोच बनेंगे! सोशल मीडिया पर खुद किया ऐलान

**नई दिल्ली.** आईपीएल नीलामी 2022 से दूर रहने वाले वेस्टइंडीज के धुरंधर बल्लेबाज क्रिस गेल अब हेड कोच की भूमिका में नजर आ सकते हैं। आईपीएल के अलावा गेल इस बार पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में भी नहीं खेल रहे हैं। बतौर खिलाड़ी क्रिकेट से दूर रहने के बाद %यूनिवर्स बॉस% के नाम से मशहूर क्रिस गेल कोच के रूप में क्रिकेट से जुड़े रहना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने खुद ही पीएसएल फ्रेंचाइजी को अगले सीजन में टीम का कोच बनने का ऑफर दिया है। विस्फोटक बल्लेबाज ने यह ऑफर बाबर आजम की कप्तानी वाली उस कराची किंग्स टीम को दिया है, जो लीग के सातवें सीजन में लगातार आठ मैच हार चुकी है।क्रिस गेल ने अगले सीजन के लिए पहले से ही कोच के रूप में अपनी दावा ठोक दिया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, 'हे पीएसएल, मैं अगले सीजन में कराची किंग्स का नया



हेड कोच बनूंगा। इस मामले में अब कोई बात नहीं होगी। - यूनिवर्स बॉस।'पीएसएल के सातवें सीजन में कराची किंग्स का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। बाबर आजम की कप्तानी में टीम को पिछले नौ मैचों में से लगातार आठ में हार का सामना करना पड़ा है। टीम ने अब तक केवल एक ही जीत दर्ज की है। टीम इस समय तालिका में सबसे नीचे है और अगले सीजन के लिए अब उसे बड़े बदलाव करने की जरूरत है।

# Pakistan Super League: राशिद खान को मिला गॉर्ड ऑफ ऑनर, लाहौर कलंदर्स ने कहा- We will miss

**नई दिल्ली.** अफगानिस्तान ने अनुभवी लेग स्पिनर राशिद खान ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) को अलविदा कह दिया है। राशिद लीग के सातवें सीजन में और मैच नहीं खेल पाएंगे क्योंकि अब उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए अफगानिस्तान की टीम से जुड़ना है। 23 साल के राशिद ने शनिवार को इस्लामाबाद यूनाइटेड के खिलाफ लीग में अपना आखिरी मैच खेला। उन्होंने मुकाबले में 4 ओवर में 19 रन देकर दो विकेट अपने नाम किए। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में मैच समाप्त होने के बाद उनकी टीम के खिलाड़ियों ने राशिद को गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया। इस दौरान अफगानिस्तानी स्पिनर काफी भावुक नजर आए।

राशिद ने PSL 2022 में शानदार प्रदर्शन करते हुए लाहौर कलंदर्स के लिए 13 विकेट चटकाए हैं। इस दौरान उन्होंने कराची किंग्स के कप्तान बाबर आजम को भी खूब परेशान किया। बाबर ने Tw®I में अब तक पांच बार राशिद का सामना किया है और हर बार राशिद ने उन्हें अपना शिकार बनाया है। राशिद को गॉर्ड ऑफ ऑनर देते समय लाहौर के खिलाड़ी भी इमोशनल दिखाई दिए। इस दौरान उनके लीग के टीम साथी शाहिन शाह अफरीदी ने कहा, 'हम राशिद खान को मिस करेंगे। वह ड्रेसिंग रूम में भी माहौल काफी खुश रखते थे। लेकिन नेशनल ड्यूटी के लिए उन्हें शुभकामनाएं।'



**बांग्लादेश दौरे पर अफगानिस्तान का शेड्यूल**

अफगानिस्तान की टीम को अब तीन वनडे और दो टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज के लिए बांग्लादेश का दौरा (Afghanistan tour o Bangladesh 2022) करना है। वनडे सीरीज के मैच 23 से 2 फरवरी तक चटगांव में जबकि टी20 मुकाबले तीन से पांच मा तक ढाका में खेले जाएंगे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इ सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया के पू क्रिकेटर स्टुअर्ट लॉ को अंतरि कोच नियुक्त किया है। लॉ दक्षि अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर लां क्लूजनर का स्थान लेंगे जिन्हों पिछले साल सितंबर में अप अनुबंध को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया था।

# Rohit Sharma Test Captain: रोहित शर्मा को उस उम्र में जाकर मिली कप्तानी जहां बड़े-बड़े दिग्गज मान जाते हैं हार

**नई दिल्ली.** चेतन शर्मा की अगुवाई वाली चयन समिती ने शनिवार शाम रोहित शर्मा को टेस्ट टीम का नया कप्तान नियुक्त किया, वह श्रीलंका के खिलाफ आगामी सीरीज से अपना कार्यकाल शुरू करेंगे। साउथ अफ्रीका दौरे पर टेस्ट सीरीज में 2-1 से मिली हार के बाद विराट कोहली ने क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट से भी कप्तानी छोड़ने का ऐलान कर दिया था जिसके बाद बीसीसीआई को यह फैसला लेना पड़ा। रोहित को टेस्ट कप्तान बनाए जाने की अटकलें क्रिकेट के गलियारों में कई दिनों से थी, इस फैसले से पहले उनकी फिटनेस और उम्र को लेकर भी काफी चर्चा हो रही थी। मगर चेतन शर्मा ने रोहित को कप्तानी सौंपने की घोषणा के साथ यह साफ कर दिया कि वह केएल राहुल, ऋषभ पंत और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ियों को भविष्य के लिए तैयार करेंगे।रोहित शर्मा 35 साल के होने वाले हैं, इस



उम्र में जाकर जहां बड़े बड़े दिग्गज खिलाड़ी कप्तानी का भार छोड़ अपनी परफॉर्मेंस पर फॉकस करना चहाते हैं जिससे उनका करियर थोड़ा और लंबा हो सके, उस उम्र में जाकर अब रोहित को यह जिम्मेदारी मिली है। ऐसे में रोहित अपनी बल्लेबाजी के साथ टीम इंडिया की कप्तानी के भार को कैसे मैनेज करते हैं यह देखने वाली बात होगी।

**बड़े-बड़े दिग्गजों ने इस उम्र में आकर छोड़ी कप्तानी**

क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर जब 26 साल 313 दिन के थे तो उन्होंने आखिरी बार टेस्ट टीम की कप्तानी की थी, वहीं कोहली ने 33 साल 67 दिन, सौरव गांगुली ने 33 साल 74 दिन, महेंद्र सिंह धोनी ने 33 साल 172 दिन और राहुल द्रविड़ ने 34 साल 210 दिन की उम्र में आखिरी बार टेस्ट की कमान संभाली थी।2013 में टेस्ट डेब्यू करने वाले रोहित शर्मा ने अभी तक 43 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 46.87 की औसत से 3047 रन बनाए हैं। वहीं 2019 में जब उन्हें बतौर सलामी बल्लेबाज टीम में जगह मिली तब से उनके परफॉर्मेंस में और निखार आया है और वह निरंतर टीम का हिस्सा रहे हैं। रोहित ने बतौर ओपनर 16 टेस्ट खेले हैं जिसमें उन्होंने 58 की औसत से 1462 रन बनाए हैं।

# ICC Women's World Cup: वर्ल्ड कप के लिए वेस्टइंडीज टीम का ऐलान, स्टेफनी टेलर के हाथों में टीम की कमान

**नई दिल्ली.** ङ्ढवेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड में चार मार्च से तीन अप्रैल तक होने वाले महिला वनडे वर्ल्ड कप (ICC Women's World Cup 2022) के लिए शनिवार को स्टार ऑलराउंडर स्टेफनी टेलर की अगुआई में 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। अपना पांचवां वर्ल्ड कप खेलने जा रही ऑफ स्पिनर अनीसा मोहम्मद को उप कप्तान बनाया गया है। सभी फॉर्मेट में 300 इंटरनेशनल विकेट की उपलब्धि से सिर्फ एक विकेट दूर अनीसा ने इसी महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के अंतिम मैच में टीम की कमान संभाली थी जब टेलर के सिर में चोट (कनकशन) लगी थी। छुट्टी के बाद वापसी करने वाली लेग स्पिनर एफी फ्लेचर को भी टीम में शामिल किया गया है। टीम में पांच युवा खिलाड़ियों स्पिनर करिश्मा रामहरक, तेज गेंदबाज आलिया एलीने, तेज गेंदबाज चैरी आन फ्रेजर, आलराउंडर चिनेले हेनरी और सलामी बल्लेबाज राशदा विलियम्स को शामिल किया गया है जो इस टूर्नामेंट में डेब्यू करेंगी।

टूर्नामेंट के कोविड-19 नियमों के तहत वेस्टइंडीज ने टीम के साथ दौरा करने वाली तीन रिजर्व खिलाड़ियों की घोषणा भी की जो केसिया शुल्ट्ज, मेंडी मांगरू और जेनीलिया ग्लास्गो होंगी।खिलाड़ी दक्षिण



अफ्रीका से न्यूजीलैंड पहुंचने के बाद अपना आइसोलेशन पूरा कर चुकी हैं। वेस्टइंडीज को चार मार्च को तौरंगा के बे ओवल में मेजबान न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला मैच खेलना है।

टीम इस प्रकार है- स्टेफनी टेलर (कप्तान), अनीसा मोहम्मद, आलिया एलीने, शेमाइन कैंपबेल, शामीलिया कोनेल, डियांड्रा डोटिन, एफी फ्लेचर, चैरी आन फ्रेजर, चिनेले हेनरी, काइसिया नाइट, हेली मैथ्यूज, चेडीन नेशन, करिश्मा रामहरक, शकीरा सेलमन और राशदा विलियम्स।

रिजर्व खिलाड़ी- केसिया शुल्ट्ज, मेंडी मांगरू और जेनीलिया ग्लास्गो।

## IPL 2022 के लीग फेज के मैच इन 4 स्टेडियमों में खेले जा सकते हैं, जल्द होगा ऐलान

इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल 2022 के मेगा ऑक्शन का आयोजन हो चुका है और टूर्नामेंट के लिए सभी 10 टीमों के पास अब पूरे खिलाड़ी हो गए हैं। इस बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई और आईपीएल की आयोजन समिति ने टूर्नामेंट की मेजबानी की तैयारी शुरू कर दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से ये भी जानकारी सामने आ गई है कि आईपीएल 2022 के लीग फेज के मैच किस-किस स्टेडियम में खेले जा सकते हैं।

क्रिकबज की रिपोर्ट की मानें तो आईपीएल 2022 के



लीग चरण के मुकाबले महाराष्ट्र के चार बड़े स्टेडियम में खेले जा सकते हैं, जिनमें से तीन स्टेडियम मुंबई में हैं, जबकि एक स्टेडियम पुणे में है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम, ब्रेबॉर्न स्टेडियम और नवी मुंबई के डीवाई पाटिल क्रिकेट स्टेडियम के अलावा पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में आईपीएल 2022 के लीग चरण के मैचों का आयोजन हो सकता है, जिसका ऐलान जल्द होगा।

सिर्फ एक ही राज्य तक आईपीएल को सीमित करने के पीछे का कारण ये है कि एक शहर में बायो-बबल बनाने में आसानी होगी, जिसमें आपको एयर ट्रेवल नहीं करना होगा। इसके अलावा मुंबई से पुणे जाने में भी सड़क मार्ग का इस्तेमाल किया जा सकता है और इस तरह होटल से सीधे स्टेडियम जाने में कोई कठिनाई नहीं होगी और कोरोना वायरस महामारी के बीच टूर्नामेंट का सफल आयोजन हो सकता है।

बता दें कि 2021 में आईपीएल टूर्नामेंट के कुछ बड़े शहरों को चुना गया था। शुरुआत में सब कुछ ठीक रहा था, लेकिन जैसे ही खिलाड़ियों ने एयर ट्रेवल किया और दूसरे शहरों में प्रवेश किया तो बायो-बबल में कोरोना के केस सामने आए थे और ऐसे में टूर्नामेंट को स्थगित करना पड़ा था। यही वजह थी कि आईपीएल 2021 का आधा सीजन यूएई में आयोजित करना पड़ा था।

# चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे की इस साल वापसी मुश्किल, आकाश चोपड़ा ने बताया कारण



**नई दिल्ली.** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने शनिवार शाम श्रीलंका (India vs Sri Lanka) के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिए 18 खिलाड़ियों की टीम का ऐलान कर दिया है। रोहित शर्मा (Rohit Sharma) को टेस्ट टीम का नया कप्तान नियुक्त करने के साथ बड़ी खबर यह थी कि चयन समिति ने चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे, इशांत शर्मा और रिद्धिमान साहा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को बाहर का रास्ता दिखाया है। हालांकि मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा ने आश्वासन दिया है कि इन दिग्गज खिलाड़ियों के लिए टीम इंडिया के दरवाजे बंद नहीं हुआ है, मगर पूर्व क्रिकेट और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि इन खिलाड़ियों की इस साल टीम इंडिया में वापसी मुश्किल है। आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा "रहाणे और पुजारा नहीं हैं।

भारत थोड़ी अलग दिशा में आगे बढ़ने लगा है। यह अंत नहीं है लेकिन वे अभी टीम का हिस्सा नहीं हैं। इसका मतलब है कि उन्हें प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापस जाना होगा, वहां रन बनाना होगा और वापस आने का प्रयास करना होगा।उन्होंने आगे कहा ऋइस साल इनकी वापसी मुश्किल है, वे अगले साल वापस आ सकते हैं क्योंकि इस साल इंग्लैंड में एक टेस्ट को छोड़कर सभी टेस्ट सीरीज भारत में हैं। तो वहां कुछ होने वाला नहीं है। अगर आप इतने बड़े खिलाड़ियों को ड्रॉप करते हैं तो आप उन्हें 15 दिनों में वापस तो लाएंगे नहीं।"वहीं मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा ने कहा था "हमने उनसे कहा है कि हम दो टेस्ट मैचों के लिए उन पर विचार नहीं करेंगे। बीच में, जिन खिलाड़ियों को मौका दिया गया है, हम देखेंगे कि वे कैसे करने जा रहे हैं।

हम किसी के लिए दरवाजे बंद करने वाले नहीं हैं। यह क्रिकेट है, जहां आप रन बनाते हैं या विकेट लेते हैं और देश के लिए खेलते हैं, वह सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। तब तक, मैंने उन चारों को रणजी ट्रॉफी खेलने का अनुरोध किया है, जो बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि चयनकर्ता रणजी ट्रॉफी को गंभीरता से ले रहे हैं, खासकर जब यह इतने लंबे समय के बाद हो रहा है। हम चयनकर्ता हर स्थान पर हैं। रणजी ट्रॉफी में और यह देखते हुए कि खिलाड़ी कैसे खेल रहे हैं।

# जेम्स फॉकनर के आरोप को शाहिद अफरीदी ने बताया 'Baseless', कहा बोर्ड और लीग को कलंकित करने की अनुमति नहीं

**नई दिल्ली.** ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जेम्स फॉकनर ने हाल ही में पाकिस्तान सुपर लीग से अचानक हटने का फैसला लिया। फॉकनर ने अपनी फ्रेंचाइजी और पाकिस्तान क्रिकेट पर अनुबंद के भुगतान ना करने के आरोप लगाए। अब इस मुद्दे पर पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। अफरीदी ने फॉकनर के आरोपों को आधारहीन बताते हुए कहा है कि किसी को भी पाकिस्तान क्रिकेट और पीएसएल ब्रांड को कलंकित करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

शाहिद अफरीदी ने ट्वीट किया जेम्स फॉकनर की टिप्पणियों से निराश, जिन्होंने आधारहीन आरोप लगाकर पाकिस्तान के आतिथ्य और व्यवस्थाओं का बदला लिया। हम सभी के साथ सम्मान के साथ व्यवहार किया गया है और कभी भी हमारे भुगतान में देरी नहीं हुई है। किसी को भी पाकिस्तान क्रिकेट और पीएसएल ब्रांड को कलंकित करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।बताया जा रहा है कि फॉकनर जब स्वदेश लौटने के लिए एयरपोर्ट जा रहे थे तब वह काफी गुस्से में दिखाई दिए। वह इतने ज्यादा गुस्से में थे कि उन्होंने एयरपोर्ट रवाना होने से पहले पीसीबी के एक अधिकारी के साथ चर्चा के बाद लॉबी फ्लोर की बालकनी से अपना बल्ला और हेलमेट फेंक दिया, जोकि सीधे होटल के झूमर (chandelier) पर जाकर लगा।

ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर फॉकनर ने इससे पहले, पीसीबी पर पैसे नहीं देने का आरोप लगाया। उन्होंने अपने पहले ट्वीट में लिखा, %मैं पाकिस्तान क्रिकेट फैंस से माफी मांगता हूं। दुर्भाग्यवश मुझे आखिरी दो मैचों से हटना पड़ा। पीसीबी की तरफ से मेरी तय



सैलरी का भुगतान नहीं करने की वजह से मुझे ये कदम उठाना प[ड़ा] है। मैं यहां पूरी अवधि के दौरान रहा, लेकिन बोर्ड ने मुझसे झ[ूठ] बोलना जारी रखा।

फॉकनर ने अपने अगले ट्वीट में लिखा, लीग छोड़ने में दुख होता है क्योंकि मैं पाकिस्तान में इंटरनेशनल क्रिकेट को वापस लाने [में] मदद करना चाहता था। यहां काफी युवा प्रतिभा हैं और फैंस अद्भु[त] हैं, लेकिन जिस तरह से मेरे साथ बर्ताव किया गया वह पीसीबी और पीएसएल की तरफ से अपमानित करे जैसा है। मुझे यकीन [है] कि आप सभी मेरी स्थिति को समझते हैं।

# विदेश संदेश

## सार-समाचार

### फ्रांस ने अपने नागरिकों से यूक्रेन छोड़ने का आग्रह किया

**पेरिस.** फ्रांस ने शनिवार को यूक्रेन में अपने सभी नागरिकों से देश छोड़ने का आग्रह किया।समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, खार्किव, लुहांस्क और डोनेट्स्क में फ्रांसीसी नागरिकों से फ्रांसीसी विदेश मंत्रालय ने सुरक्षा स्थिति के कारण इन क्षेत्रों को बिना देरी किए छोड़ने का आग्रह किया है।मंत्रालय ने कहा, यह अनुशंसा की जाती है कि अत्यधिक सतर्कता बरती जाए और देश के उत्तर और पूर्व में सीमावर्ती क्षेत्रों में न जाए। उन्होंने कहा कि फ्रांसीसी नागरिकों को यूक्रेन की सभी यात्रा स्थगित करने की सलाह दी जाती है।

फ्रांस के विदेश मंत्री ज्यां–यवेस ले ड्रियन ने शनिवार को अपने रूस के समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ यूक्रेन की सीमाओं पर मौजूदा स्थिति के बारे में फोन पर बात करने के बाद नोटिस प्रकाशित किया।

लावरोव ने चेतावनी दी कि सुरक्षा क्षेत्र में रूस के वैध अधिकारों की अनदेखी न केवल यूरोपीय महाद्वीप पर बल्कि दुनिया में भी स्थिरता को आहत करती है।ले ड्रियन ने कहा कि बातचीत अभी संभव है

### यूक्रेन विद्रोहियों का सैन्य लामबंदी का आदेश, धमाकों से गूंज रहा इलाका

**कीव.** पूर्वी यूक्रेन में एक अलगाववादी नेता ने आक्रमण के बढ़ते डर के बीच पूर्ण सैन्य लामबंदी का आदेश दिया है. यूक्रेन की सेना ने कहा कि दोनेत्स्क क्षेत्र की सरकार के कब्जे वाले हिस्से में शनिवार तड़के गोलाबारी में उनके एक सैनिक की मौत हो गई. अलगाववादी और यूक्रेन के सैनिक तकरीबन आठ वर्षों से लड़ रहे हैं, लेकिन दोनों पक्षों को अलग करने वाली सीमा पर हिंसा हाल के दिनों में बढ़ गयी है. इधर अमेरिका समेत कई अन्य पश्चिमी देशों ने आशंका जताई है कि रूस यूक्रेन पर हमला कर सकता है. दोनेत्स्क क्षेत्र में रूस समर्थित अलगाववादी सरकार के प्रमुख डेनिस पुशिलिन ने एक बयान जारी कर पूर्ण सैन्य लामबंदी की घोषणा कर और रिजर्व बल के सदस्यों से सैन्य भर्ती कार्यालय में आने का अनुरोध किया है. हाल के दिनों में क्षेत्र में यूक्रेन की सेना और रूस समर्थित विद्रोहियों के बीच हिंसा बढ़ने के बाद यह कदम उठाया गया है. इस हिंसा को लेकर पश्चिम देशों ने आशंका जतायी है कि मॉस्को इसकी आड़ में हमला कर सकता है.दोनेत्स्क और लुहांस्क में अलगाववादी प्राधिकारियों ने शुक्रवार को महिलाओं, बच्चों तथा बुजुर्गों को पड़ोसी रूस भेजने की घोषणा की थी. इन प्रयासों के तुरंत बाद विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाकों में कई विस्फोट हुए थे. पूर्वी यूक्रेन में अलगाववादी संघर्ष 2014 में शुरू हुआ और इसमें 14,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं.

### जर्मनी ने नागरिकों से यूक्रेन छोड़ने का आग्रह किया

**बर्लिन.** जर्मन सरकार ने शनिवार को अपने नागरिकों से तुरंत यूक्रेन छोड़ने का आग्रह किया, जबकि लुफ्थांसा की योजना सोमवार से यूक्रेन से आने–जाने वाली उड़ानों को आंशिक रूप से निलंबित करने की है।समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, जर्मन संघीय विदेश कार्यालय ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपने सुरक्षा निर्देशों में कहा, किसी भी समय एक सैन्य संघर्ष संभव है.. देश को अच्छे समय में छोड़ दें।इस बीच, जर्मनी की ध्वजवाहक और सबसे बड़ी एयरलाइन लुफ्थांसा ने घोषणा की है कि वह फरवरी के अंत तक




कीव और ओडेसा के लिए अपनी नियमित उड़ानें निलंबित कर देगी।कुछ उड़ानें अभी शनिवार और रविवार को संचालित होंगी, ताकि उन लोगों को यात्रा के विकल्प दिए जा सकें जिन्होंने पहले ही बुकिंग कर ली है। कंपनी ने कहा कि इससे प्रभावित लोगों को सूचित किया जाएगा और वैकल्पिक उड़ानों के लिए फिर से बुकिंग की जाएगी।

# यूक्रेन को लेकर इतना जुनूनी क्यों हैं पुतिन, क्या फिर बनेगा रूस का हिस्सा

**दुनिया.** संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके सहयोगी यूक्रेन की सीमा पर रूसी सेना की मौजूदगी से लगातार चिंता बढ़ रही है. रूस से चल रहे गतिरोध के बीच यूक्रेन की सेना ने कहा कि पूर्वी यूक्रेन में रूस समर्थक अलगाववादियों की गोलाबारी में दो सैनिक मारे गए हैं. यूक्रेन के साथ बढ़ते संघर्ष को देखते हुए सेना की वापसी का आदेश देने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को मनाने के लिए कई राजनयिक प्रयास किए गए हैं, लेकिन प्रयासों के कोई बेहतर परिणाम देखने को मिले हैं. अमेरिका और उसके सहयोगियों का कहना है कि 1.5 लाख से अधिक रूसी सैनिक यूक्रेन की सीमा से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर तैनात हैं और पूरी तरह हमले के लिए तैयार है.

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का शुक्रवार का बयान कि रूस यूक्रेन पर जल्द ही हमला कर सकता है. खुफिया एजेंसियों द्वारा किए गए आकलन और मैक्सार टेक्नोलॉजीज द्वारा जारी उपग्रह तस्वीरों के जरिये यह स्पष्ट है कि रूस यूक्रेन पर हमला करने के लिए पूरी तरह तैयार है. तस्वीरों से पता चलता है कि ओपुक और येवपटोरिया रेलयार्ड में सैनिक मौजूद हैं, जिन्हें वर्ष 2014 में यूक्रेन से ये दोनों इलाके रूस द्वारा जब्त किए गए थे. फिर डोनुज़्लाव और नोवोज़र्नॉय झील की साइटों में बख्तरबंद वाहनों और टैंकों की तैनाती भी देखी जा रही है. रूस ने यूक्रेन को तीन तरफ से घेरने के लिए सैन्य अभ्यास के लिए बेलारूस भी भेजा है, जिसे पश्चिमी देश कहता है कि जब तक मास्को की सुरक्षा मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक वह हमले की तैयारी में है. तो क्या रूस का यह आक्रामक मुद्रा सिर्फ धौंस है या फिर पुतिन यूक्रेन पर हमले को लेकर वाकई गंभीर हैं? इस हमले को लेकर पुतिन के दिमाग में क्या चल रहा है?

**क्या कहते हैं विशेषज्ञ**

यूक्रेन संकट को लेकर विशेषज्ञों की अपनी राय है. रूसी नेता के दृष्टिकोण और यूक्रेन के प्रति उनके जुनून को लेकर विशेषज्ञ अलग से रेखांकित करते हैं. ट्रंप प्रशासन में सेवा कर चुके एक वरिष्ठ खुफिया अधिकारी और नीति सलाहकार फियोना हिल के अनुसार, पुतिन वर्षों से यूक्रेन पर पकड़ बनाने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने वर्ष 2006 में यूक्रेन की गैस पाइपलाइन काट दी थी. वह 22 साल से सत्ता में है और उस पूरे समय में उसने यूक्रेन को टारगेट पर रखा है और यह समय के साथ और आक्रामक हो गया है. हिल ने कहा, पुतिन वह व्यक्ति बनना चाहते हैं, जो




अपनी अध्यक्षता में यूक्रेन को वापस रूस में शामिल कर सके और 2036 तक राष्ट्रपति बना रह सके. उनके लिए क्या यह संभव हैरूसी राष्ट्रपति पर वाशिंगटन के अग्रणी विशेषज्ञ हिल ने दावा किया कि यह पुतिन की व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा है जो रूसी साम्राज्य" बनाना चाहते हैं. यूक्रेन जो बाहरी है, और दूर हो चुका है कि उसे वह वापस लाना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि 2015 के एक भाषण में पुतिन ने यूक्रेन को रूस का ताज और गहनाकहा था. इस पर अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने चिंता जताई थी कि वह फिर से देश को जोड़ना चाहते हैं. रूस द्वारा यूक्रेन के क्रीमिया क्षेत्र पर आक्रमण करने और कब्जा करने के ठीक एक साल बाद यह बयान दिया गया था, जिसमें अलगाववादियों के साथ सहानुभूति का प्रदर्शन किया गया था.

**जब पुतिन ने विभाजनकारी ताकतों को ठहराया था जिम्मेदार**

हाल ही में जुलाई, 2021 में रूसी राष्ट्रपति ने एक आलेख लिखा था जिसमें उन्होंने रूस और यूक्रेन को एक करार दिया था और यूक्रेन को रूस का हिस्सा बताते हुए एक संपूर्ण बताया था. उन्होंने रूस और यूक्रेन के बीच दीवार बनाने के लिए विभाजनकारी ताकतों को जिम्मेदार ठहराया. फिर उन्होंने एक ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य दिया कि क्यों यूक्रेन को रूस से अलग देश नहीं होना चाहिए.

**क्या चाहता है रूस**

विश्लेषकों का कहना है कि पुतिन चाहते हैं कि रूस की परिधि के सभी देश रूस समर्थक हों और यही कारण है कि यूक्रेनी सरकार द्वारा पश्चिम के नेतृत्व वाले नाटो गठबंधन के प्रति किए गए प्रस्तावों ने उन्हें नाराज कर दिया. सीआईए के रूसी कार्यक्रम के पूर्व प्रमुख जॉन सिफर ने सीएनएन को बताया, रूस चाहता है कि उसकी विरासत अतीत के जार या सोवियत संघ के प्रमुखों की तरह हो. पुतिन रूस को एक ऐसे स्तर पर ले जाना चाहते हैं जहां विश्व मंच पर उसका डर, सम्मान और गंभीरता से व्यवहार किया जाता हो.

## Canada College: कनाडा के तीन कॉलेज दिवालिया घोषित, हजारों भारतीय स्टूडेंट्स का भविष्य अधर में लटका

➢ **कनाडा में 3 कॉलेज दिवालिया घोषित कर दिए जाने से भारत के हजारों स्टूडेंट्स के लिए मुसीबत पैदा हो गई है। ये स्टूडेंट हजारों डॉलर की फीस जमा कर चुके हैं और अब उन्हें कनाडा के सरकार से न्याय का इंतजार है।**



**ओटावा.** कनाडा के क्यूबेक में अचानक से 3 कॉलेजों के दिवालिया घोषित किए जाने से हजारों की तादाद में भारतीय छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। इस बड़े संकट को देखते हुए ओटावा में भारतीय उच्चायोग ने प्रभावित छात्रों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है। लाखों रुपये खर्च करके शिक्षा हासिल करने गए ये भारतीय छात्र अब दर–दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो गए हैं।

कनाडा के जो तीन कॉलेज दिवालिया घोषित किए गए हैं, उनमें एम कॉलेज मॉन्ट्रियल, सीडीई कॉलेज शेरब्रुक और सीसीएसक्यू कॉलेज लांग्युइल शामिल हैं। इन कॉलेजों ने पहले ट्यूशन फीस जमा करने और पैसे देने के लिए दबाव बनाया फिर अचानक से छात्रों को इस महीने एक नोटिस जारी कर दिया कि वे कॉलेज को बंद कर रहे हैं। कनाडा के सीबीएस न्यूज ने बताया कि सभी तीन कॉलेज छात्रों को भर्ती करने वाली फर्म एक ही थी। इसका नाम राइजिंग फोनिक्स इंटरनेशनल है।

**भारत में छात्रों को भर्ती करने का तरीका सवालों के घेरे में**

अब इस फर्म ने दिवालिया होने का आवेदन दिया है। इन कॉलेजों के दिवालिया होने का आवेदन ऐसे समय पर आया है जब क्यूबेक में कई निजी कॉलेजों के खिलाफ जांच शुरू हुई है। इसमें एम कॉलेज और सीडीई कॉलेज शामिल है। इनका भारत में छात्रों को भर्ती करने का तरीका सवालों के घेरे में है। इन कॉलेजों के अचानक से बंद होने की वजह से भारतीय छात्र भारत के उच्चायोग मदद मांगने पहुंच गए।

इन भारतीय छात्रों में से कई ने तो हजारों डॉलर की फीस जमा की थी। ऐसे स्टूडेंट की पढ़ाई अब रुक गई है। भारतीय उच्चायोग ने अपने बयान में कहा, उच्चायोग के पास भारत से आए कई स्टूडेंट पहुंचे थे जो इन तीन कॉलेजों में पढ़ाई कर रहे थे। अगर स्टूडेंट्स को फीस वापसी या उसके हस्तातंरण में दिक्कत आती है तो वे क्यूबेक सरकार के उच्च शिक्षा मंत्रालय से शिकायत कर सकते हैं।उच्चायोग ने आश्वासन दिया कि ऐसे कई रास्ते हैं जिसके जरिए फीस को वापस कराया जा सकता है।

## पाक के पेशावर में ग्रेनेड हमला, पुलिस स्टेशन को बनाया गया निशाना, तीन पुलिसकर्मी घायल

**पेशावर.** पाक के पेशावर में ग्रेनेड हमले की खबर सामने आई है। स्थानीय मीडिया के अनुसार पेशावर शहर के एक पुलिस स्टेशन पर ग्रेनेड से हमला किया गया है। जानकारी के अनुसार हमले में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। द न्यूज इंटरनेशनल ने एक अधिकारी का हवाला देते हुए बताया कि सीसीटीवी के फुटेज से यह सामने आया कि एक व्यक्ति ने पुलिस स्टेशन पर दो ग्रेनेड फेंके हैं।

**पाक में पुलिसबल को बनाया जा रहा निशाना**



मिली जानकारी के अनुसार विस्फोटक को बाहर से थाने में फेंकने के बाद हमलावर वहां से भागने में सफल रहा। बता दें कि पाक में पुलिसबल को कई दिनों से निशाना बनाया जा रहा है। कुछ हफ्ते पहले बड़ाबेर में भी एक पुलिस वैन पर ग्रेनेड से हमला होने से तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। उसी दिन हयाताबाद के पास एक पुलिस चौकी पर हथगोला भी फेंका गया था।

**खैबर पख्तूनख्वा में एक साल में 48 पुलिसकर्मी मारे गए**

हाल के महीनों में खैबर पख्तूनख्वा के विभिन्न हिस्सों विशेषकर पेशावर में पुलिस पर हमलों में वृद्धि दर्ज की गई है। द न्यूज इंटरनेशनल के अनुसार, हाल के महीनों में पेशावर और अन्य शहरों में कई पुलिसकर्मियों पर हमले हुए हैं।

## Russia Vs Poland: रूस को करारा जवाब देने की तैयारी में पोलैंड, अमेरिका से खरीद रहा 250 घातक टैंक

**वॉशिंगटन/वॉर्सा.** यूक्रेन के खिलाफ रूस के करीब दो लाख सैनिक, टैंक, मिसाइलों की तैनाती के बाद अब पड़ोसी देश पोलैंड को भी व्लादिमीर पुतिन के कहर का डर सताने लगा है। पोलैंड ने रूसी सेना के आक्रमण की सूरत में करारा जवाब देने के लिए अमेरिका से दुनिया सबसे घातक टैंक कहे जाने वाले अबराम को खरीदने जा रहा है। अमेरिका के विदेश विभाग ने 6 अरब डॉलर में 250 अब्राम्स टैंक देने के सौदे को मंजूरी दे दी है। इन टैंकों के पोलैंड की सेना में शामिल होने के बाद उसकी जमीनी हमला करने ताकत काफी बढ़ जाएगी।पोलैंड ने पहले ही जर्मनी से 250 लेपर्ड 2एस टैंक खरीद रखे हैं। अमेरिका के विदेश विभाग ने इस सौदे को ऐसे समय पर मंजूरी दी है जब यूरोप जंग के मुहाने पर है। यूक्रेन की सीमा पर रूस ने करीब दो लाख सैनिकों को तैनात कर रखा है। अमेरिका को डर सता रहा है कि कभी भी रूस यूक्रेन पर हमला कर सकता है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी है कि रूसी सेना की तैयारी देखकर लग रहा है कि पुतिन यूरोप में द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद सबसे भीषण हमले की तैयारी कर रहे हैं।

**जानें, कितना खतरनाक है अमेरिका का अबराम टैंक**

इन टैंकों की बिक्री के बारे में अमेरिकी कांग्रेस को सूचना दे दी गई है। इस डील में कहा गया है कि 250 अत्याधुनिक अबराम टैंक और हथियारबंद वाहन पोलैंड को दिए जाएंगे। अबराम दुनियाभर में युद्ध के दौरान अपनी ताकत का लोहा मनवा चुके हैं और इसमें ताजा अपडेट के बाद ये अब जर्मनी के लेपर्ड टैंक से भी ज?यादा शक्तिशाली हो गए हैं। एम–1 ए–2



अबराम (अब्राम) अमेरिकी सेना का मुख्य युद्धक टैंक (MBT) है। इस टैंक का इस्तेमाल अमेरिका के अलावा सऊदी अरब, इराक, कुवैत और ऑस्ट्रेलिया की सेनाएं भी करती हैं। इस टैंक को जनरल डायनेमिक्स लैंड सिस्टम्स ने पहली बार 1978 में बनाया था।इसके बाद समय–समय पर इसमें अपग्रेडेशन का काम किया जाता रहा है। इस टैंक ने फारस की खाड़ी युद्ध, अफगानिस्तान में युद्ध, इराक युद्ध, 2011 की मिस्र की क्रांति, इराकी गृहयुद्ध, यमन में सऊदी अरब के नेतृत्व में किए गए हमले में अपनी ताकत को दिखाया है। इस टैंक में मुख्य हथियार के रूप में 120एमएम की रू256 स्मूथबोर गन लगी हुई है। यह गन 3000 मीटर (3 किलोमीटर) तक मार करने में सक्षम है। इसके अलावा इसमें 120 मिमी की बंदूक भी लगी हुई है, जो किसी लो फ्लाइंग ऑब्जेक्ट को मार गिरा सकती है। इस टैंक में यूरेनियम ऑर्मर लगा हुआ है, जो दुश्मन के हमले को नाकाम कर देता है। खाड़ी युद्ध के दौरान अमेरिकी सेना ने 1,848 टैंक तैनात किए लेकिन दुश्मन इनमें से एक को भी तबाह नहीं कर पाए थे।

## युद्ध की आशंका के बादल के बीच यूक्रेन के सीमावर्ती इलाकों से पलायन तेज

**मास्को/कीव,** । **यूक्रेन की** सीमा पर रूस के 1.50 लाख से अधिक सैन्य जमावड़े के बीच लगातार हो रहे बम धमाके के बाद लोगों का पलायन शुरू हो गया है। यूक्रेन के दोनों सीमावर्ती इलाकों में करीब 10 लाख से अधिक लोग रहते हैं। इन लोगों को डर है कि जंग होने पर सबसे पहले यही लोग निशाना बनेंगे। इसलिए ये लोग युद्ध शुरू होने से पहले अपनी जान बचाने के लिए पलायन करने लगे हैं। स्थानीय करीब तीन लाख नागरिक तमाम गाड़ियों से पोलैंड सीमा की तरफ बढ़ रहे हैं। इधर, अलगाववादियों के हमले को देखते हुए रूसी कब्जे वाले इलाके में रह रहे लगभग सात लाख लोग भी घर छोड़ सुरक्षित जगहों के लिए निकल पड़े हैं। इन लोगों को शरण देने के लिए रूस ने अपनी सीमा खोल दी है। उधर, यूक्रेन से भारी तादाद में लोगों के पलायन को देखते हुए रूस ने अपने कई इलाकों में आपातकाल की घोषणा कर दी है। हालांकि, रूस ने अपने लोगों की घर वापसी के लिए 400 सैनिक और 150 गाड़ियों की तैनाती की है। रूस ने प्रवासी लोगों को लाने के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया है। रूस से समझौते के लिए म्युनिख पहुंचे यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेनेस्कनी ने देशवासियों से भावुक अपील की है। उन्होंने कहा है कि यूक्रेन में हालात बेहतर नहीं है। उन्होंने कहा कि पुतिन से बातचीत के लिए उन्होंने हमेशा दरवाजे खुले रखे हैं। जेलेनेस्कनी ने पश्चिमी देशों से कहा है कि रूस पर तत्काल कड़े प्रतिबंध लगाए जाएं।

इस बीच अमेरिकी उप-राष्ट्रपति कमला ने रूस को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि उसने यूक्रेन पर हमला किया तो उसको भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। अमेरिका के रक्षा मंत्री लायड आस्टिन ने बाल्टिक देशों को भरोसा देते हुए कहा है कि यदि रूस से सुरक्षा खतरा पैदा होता है तो उनको अकेले नहीं पड़ने दिया जाएगा। अमेरिका का अनुमान है कि रूस ने यूक्रेन की सीमाओं पर 169,000 से 190,000 सैनिक तैनात कर रखे हैं। बताया जाता है कि इसमें अलगाववादी लड़ाके भी शामिल हैं। तनाव बढ़ता देख यूरोपीय संघ ने यूक्रेन को आपातकालीन चिकित्सा सामग्री भेजी है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

## कनाडा में तीन शैक्षणिक संस्थाएं बंद, भारत के 2 हजार छात्र सड़क पर

**ओटावा** । **कनाडा** में तीन शैक्षणिक संस्थानों के अचानक बंद होने के बाद 2,000 से अधिक भारतीय छात्र सड़क पर आ गए हैं। ऐसे में ओटावा स्थित भारतीय उच्चायोग ने शनिवार को भारतीय नागरिकों को फीस का भुगतान करने से पहले वहां के कॉलेजों की साख की जांच करने की सलाह दी है। कनाडा के सैकड़ों ट्रक ड्राइवरों ने अमेरिका-कनाडा सीमा पार करने के लिए कोरोना टीकाकरण अनिवार्य करने के विरोध में सड़क जाम कर रखी है। इसी के मद्देनजर तीन शैक्षणिक संस्थानों को बंद कर दिया गया।भारतीय दूतावास ने चेतावनी जारी करते हुए फंसे छात्रों को आश्वासन दिया है कि वह इस मुद्दे का हल जल्द करने के लिए स्थानीय अधिकारियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों के संपर्क में हैं। प्रभावित छात्रों में ज्यादातर पंजाब, हरियाणा और गुजरात से हैं। कॉलेजों को बंद करने से छात्रों की आव्रजन स्थिति खतरे में पड़ गई है। जानकारी के अनुसार मॉन्ट्रियल के तीन कॉलेजों में 1,173 छात्र पढ़ रहे थे, जबकि 637 छात्र पंजाब और अन्य स्थानों से ऑनलाइन कक्षाएं ले रहे थे। उच्चायोग से भारत के कई छात्रों ने संपर्क किया है, जिन्हें राइजिंग फीनिक्स इंटरनेशनल इंक की ओर से संचालित तीन संस्थानों में नामांकित किया गया था। इनमें एच मॉन्ट्रियल का एम कॉलेज, शेरब्रुक का सीईडी कॉलेज और लॉन्ग्यूइल का सीसीएसक्यू कॉलेज प्रभावित हुआ है।

## इमरान खान की फिर बढ़ सकती हैं मुश्किलें, पेरिस में FATF की बैठक से पहले पाकिस्तान के विरोध में हुआ प्रदर्शन

**पेरिस.** (FATF) की ग्रे लिस्ट में शामिल पाकिस्तान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। फ्रांस में पाकिस्तान को ब्लैकलिस्ट करने की मांग को लेकर फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स के बाहर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों 'आतंकवादी पाकिस्तान' जैसे नारे भी लगाए। ये विरोध–प्रदर्शन पेरिस में रहने वाले निर्वासित अफगान, उइगर और हांगकांग के एक समुदाय ने आयोजित किया गया था। इस विरोध–प्रदर्शन के मुख्य आयोजनकर्ता पाकिस्तान के निर्वासित पत्रकार ताहा सिद्दीकी हैं।दरअसल, पत्रकार ताहा सिद्दीकी ने विरोध–प्रदर्शन से जुड़ा एक वीडियो भी ट्वीटर पर साझा किया। जिसमें लोगों के हाथ में पाकिस्तान विरोधी तख्तियां भी मौजूद थी। सिद्दीकी ने कहा, विश्व स्तर पर मनी लान्ड्रिंग में पाकिस्तान की भूमिका, देश और पड़ोसी देश में पाकिस्तान द्वारा आतंक को बढ़ावा देना और चीन के साथ उसके गठजोड़ के लिए इस्लामाबाद की एक लाबी को जवाबदेह के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि, देश की ग्रे–लिस्टिंग की समीक्षा के लिए अगले सप्ताह होने वाली बैठक में वह सब्लैकलिस्टपाकिस्तान के लिए अंतरराष्ट्रीय संगठन से आग्रह करेगा।। दुनिया को पाकिस्तान का असली चेहरा पता होना चाहिए।आपको बता दें कि, पेरिस में स्र्ञ्जस्न प्लेनरी और वर्किंग ग्रुप की बैठक से पहले विश्लेषकों ने कहा है कि पाकिस्तान के गैर–अनुपालन के लिए वैश्विक आतंकवाद–रोधी वित्तपोषण और मनी–लान्ड्रिंग रोधी निगरानी की %ब्लैक लिस्ट% में खिसकने की संभावना है। पाकिस्तान जून 2018 से अपने आतंकवाद–रोधी वित्तपोषण और धन–शोधन–विरोधी शासन में कमियों के लिए पेरिस स्थित स्र्ञ्जस्न की ग्रे सूची में है। इस ग्रेलिस्टिंग ने पाकिस्तान के आयात, निर्यात, प्रेषण और अंतर्राष्ट्रीय ऋ्रण तक सीमित पहुंच पर काफी प्रभाव डाला है। सत्ता में आने के बाद से पाकिस्तान के




प्रधानमंत्री इमरान खान को सत्ता से बेदखल करने के लिए विपक्ष लगातार अभियान भी चला रहा है।जानकारों का मानना है कि पाकिस्तान में सरकार आतंकी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रही है। इसके विपरीत सरकार ने तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) जैसे इस्लामी संगठनों के सामने आत्मसमर्पण किय है। ग्लोबल स्ट्रैट व्यू ने कहा कि पाकिस्तान सरकार द्वारा लिए गए फैसलों ने एफएटीएफ के जनादेश का उल्लंघन किया होगा। अगर FATF पाकिस्तान को 'ब्लैक लिस्ट' में डालता है, तो आर्थिक दंड और अन्य प्रतिबंधात्मक उपाय लगाए जाएंगे। यह पाकिस्तान की संघर्ष कर रही अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा झटका होगा।

पहले ही पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था में 2008–2019 के दौरान स्र्ञ्जस्न की ग्रे–लिस्टिंग के परिणामस्वरूप लगभग 38 बिलियन डालर की गिरावट देखने को मिली थी। रिपोर्ट में पाकिस्तान के अर्थशास्त्री डा नाफ़ी सरदार का हवाला देते हुए कहा गया है.